हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

14 साव और मूणत को सद्बुद्धि दे भगवान



14 साइंस कॉलेज की चौपाटी हटने के बाद अब तक...



## खबर संक्षेप

### मेला देखने आए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक युवक ने चार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अज्जू देवार ने अमर बाग, देवा, दुर्गेश तथा देवराज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अज्जू ने पुलिस को बताया है कि वह अपने परिजनों के साथ गुरुवार देर रात मेला, नाचा देखने राजेंद्र नगर गया था। मेला में अकेले घूमने के दौरान अमर ने अज्जू को अपने साथ चलने के लिए कहा। इनकार करने पर अमर तथा उसके साथियों ने अज्जू के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आने पर बदमाशों ने अज्जू के बड़े पिताजी के लड़के पर किसी नुकीली वस्तू से वार कर मौके से फरार हो गए।

### अहाता संचालक के साथ मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में शुक्रवार को एक अहाता संचालक ने एक युवक, उसके बड़े भाई तथा बहन के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोकुल नगर शराब दुकान के पास अहाता संचालित करने वाला योगेश कुमार ने बाबा, बाबा का बड़ा भाई तथा उसकी बहन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। योगेश ने पुलिस को बताया है कि बाबा तथा उसके भाई और बहन ने अहाता चलाने की बात को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### घर से चोरी कर कर रहे भाग रहे युवक की ऊंचाई से गिरने पर मौत

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने एक माह पूर्व घर से चोरी कर भाग रहे युवक की ऊंचाई से गिरकर मौत मामले में मर्ग तथा चोरी का अपराध दर्ज किया है। दलदल सिवनी निवासी संदीप बिहानी ने 15 नवंबर को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। संदीप रियल इस्पात में सेल्स हेड के पद पर कार्यरत है। घटना दिनांक को वह अपने ऑफिस से घर आने के बाद बैग घर पर छोड़ अपनी पत्नी के साथ वीआईपी रोड चला गया। घर आने पर संदीप को उसके बेटे ने चोरी होने की जानकारी दी। संदीप के घर के पास फैजान नामक युवक औंधे मुंह गिरा पड़ा था। युवक की जेब तथा बैग की तलाशी लेने पर संदीप के नकदी 81 हजार रुपए तथा अन्य कीमती सामान मिला। पुलिस को आशंका है कि फैजान चोरी कर भागने की जल्दी में ऊंचाई से गिर गया होगा और उसकी मौके पर मौत हो गई।

### बीच-बचाव करने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक युवक ने तीन युवक तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैगा पारा लाभांडी निवासी गुलशन निषाद ने रोहन आडिल, चंदन भारती, राजा भारती तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। गुलशन ने पुलिस को बताया है कि लाभांडी में गुरु घासीदास जयंती का कार्यक्रम चल रहा था।

# रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगा 'पैनिक बटन', इमरजेंसी में तुरंत मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की मदद के लिए पैनिक बटन लगाया गया है, जो आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाने का कार्य करेगा। मंडल के सभी छोटे और बड़े स्टेशनों में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। इस पैनिक बटन की मदद से यात्री किसी भी समय रेलवे से मदद प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी तरह की समस्या की स्थिति में इसका उपयोग किया जा सकता है। बता दें कि रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ पैनिक बटन भी इंस्टॉल किए गए हैं। खासकर शाम के वक्त जब छोटे स्टेशनों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, तब इस बटन के ज़रिए यात्री अपनी समस्या सीधे रेलवे तक पहुंचा सकते हैं। यह सिस्टम पूरी तरह कंट्रोल रूम से जुड़ा हुआ है। जैसे ही कोई यात्री बटन दबाता है, आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अधिकारियों को तुरंत सूचना मिल जाती है। इसके बाद मौके पर त्वरित सहायता पहुंचाई जाती है। यह व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से लागू की गई है।

अलग खबर

## बटन दबाते ही आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अधिकारियों को तुरंत मिल जाती है सूचना

### सीसीटीवी से निगरानी में रहेगा पैनिक बटन, गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई

कुम्हारी रेलवे स्टेशन में पैनिक बटन स्थापित कर दिया गया है। जिस स्थान पर यह बटन लगाया गया है, वहीं सामने सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है, जिससे कंट्रोल रूम से बटन दबाने वाले यात्री की स्थिति को तत्काल देखा जा सकेगा। यदि कोई असामाजिक तत्व इस बटन का दुरुपयोग करता है, तो सीसीटीवी फूटेज के आधार पर उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्टेशन प्रबंधन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि इस बटन का उपयोग केवल आपातकालीन स्थिति में ही किया जाए। फिलहाल, अब तक किसी यात्री द्वारा इसका उपयोग नहीं किया गया है।



### हर स्टेशन पर पैनिक बटन की सुविधा

सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि मंडल के सभी छोटे-बड़े रेलवे स्टेशनों पर पैनिक बटन लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। बता दें कि इस व्यवस्था से अब यात्रियों को मदद के लिए फोन या ट्वीट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जैसे ही पैनिक बटन दबाया जाएगा, कंट्रोल रूम को अलर्ट मिल जाएगा और आरपीएफ, जीआरपी या संबंधित अधिकारी 2 से 5 मिनट में सहायता के लिए मौके पर पहुंच जाएंगे।

साथी के पकड़े जाने या पुलिस का शिकंजा कसने पर कोड मैसेज भेजने दिए थे निर्देश

# गैंगस्टरों ने छत्तीसगढ़ के लिए 2929 सेट किया था कोड, सिग्ना, जंगी एप से करते थे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झारखंड का अमन साव गैंग कारोबारियों से प्रोफेशनल अंदाज में रंगदारी वसूली करने का काम करता था। प्रोटेक्शन मनी वसूलने गैंगस्टर अमन साव तथा उसका साथी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा पुलिस को चकमा देने अपने गुर्गों के साथ अलग एप से संपर्क करते थे। इसके साथ ही उन लोगों ने कारोबारियों से प्रोटेक्शन मनी वसूलने राज्यों के हिसाब से कोडवर्ड तय किया था। पुलिस गिरफ्त में आए मयंक सिंह ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने छत्तीगढ़ के लिए 2929 कोड तय किया था। गैंगस्टर ने सुरक्षा के ▶▶|शेष पेज 13 पर

- कोड मैसेज भेजने पर ग्रुप डिलीट कर दूसरे ग्रुप में शिफ्ट करके करते थे संपर्क

### ऑपरेशन सफल होने पर अलग कोड

फायरिंग करने के साथ ही प्रोटेक्शन मनी मिलने पर गैंगस्टर अलग कोड का उपयोग करते थे। ऑपरेशन सफल होने, प्रोटेक्शन मनी मिलने के बाद दिए गए कोड को मैसेज करने पर गैंगस्टर समझ जाते थे। इसके बाद आगे की रणनीति पर काम करते थे। किसी जगह ऑपरेशन करने या प्रोटेक्शन मनी लेने जाने के पूर्व गैंगस्टर उस क्षेत्र की पहले पूरी तरह से रैकी करते थे। इसके बाद घटना को अंजाम देने के लिए निकलते थे।


अमन गैंग का ऑपरेशनल हेड था गैंगस्टर मयंक हथियार और शूटर व्यवस्था की थी जिम्मेदारी

### लोकल की जगह विदेश से कॉल कर धमकी

कारोबारियों से ऑपरेशनल लीडर मयंक सिंह कारोबारियों को फिरौती के लिए इंटरनेट कॉल करता था। स्थानीय स्तर पर कॉल करने से पुलिस बदमाशों को आसानी से पकड़ सकती थी, इस बात को ध्यान में रखते हुए मयंक सिंह मलेशिया, थाईलैंड या अजरबैजान से इंटरनेट कॉल कर प्रोटेक्शन मनी मांगता था। कारोबारियों के मन में दहशत बैठाने मयंक सिंह विदेश से कॉल करता था। हालांकि रायपुर के कारोबारियों के साथ अमन साव गैंग किसी तरह से प्रोटेक्शन मनी वसूल करने सफल नहीं हो पाया।

### *आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस*

*मयंक सिंह की पुलिस रिमांड शनिवार को समाप्त हो रही है। रिमांड समाप्त होने पर पुलिस मयंक सिंह को कोर्ट में पेश करेगी। मयंक चार दिनों की पुलिस रिमांड पर था। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के अनुसार मयंक सिंह से और पूछताछ बाकी है। मयंक को पुनः रिमांड पर लेने कोर्ट में आवेदन पेश किया जाएगा।*

### *सिग्ना, जंगी एप का इस्तेमाल*

*रायपुर में वारदात करने गिरोह से जुड़े लोगों ने एक दूसरे से संपर्क करने सिग्ना तथा जंगी एप में ग्रुप बनाए थे। पूर्व में गंज थाना क्षेत्र के होटल में पकड़े गए गिरोह के बदमाश सिग्ना एप से एक दूसरे के संपर्क में थे। दूसरी दफा तेलीबांधा में फायरिंग की घटना को अंजाम देने आए थे। उस समय गिरोह में शामिल बदमाशों ने जंगी एप के माध्यम से एक दूसरे के साथ संपर्क में थे।*

# ड्रग के साथ पुलिस ने फिर एक युवक को दबोचा, राज्य के अलग-अलग शहरों में घूम-घूम करता था सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री के लिए राजधानी पुलिस ऑपरेशन निश्चय के तहत लगातार अभियान चला रही है। बावजूद इसके मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के मन में पुलिस के प्रति किसी तरह से कोई खौफ नहीं है। ऐसे ही एक मामले में कोतवाली थाने की पुलिस ने दुर्ग, पाटन के एक युवक को पांच ग्राम के करीब एमडीएमए ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। ड्रग के साथ पुलिस ने जिस युवक को पकड़ा है, वह राजधानी सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में घूम-घूमकर ड्रग सप्लाई करने का काम करता था। पुलिस ने अब्दुल करीम उर्फ समीर (26) को गिरफ्तार किया है। अब्दुल को ▶▶|शेष पेज 13 पर



### एक साल में दौ सौ से ज्यादा गिरफ्तारी

आपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ने एक साल के भीतर नारकोटिक्स एक्ट के 94 मामलों में 217 मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से पुलिस ने पांच करोड़ रुपए के करीब प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसमें गांजा, एमडी ड्रग, चिट्टा, कोकीन, एमडीएमए, अफीम, डोडा, टैबलेट्स और सिरप शामिल हैं। मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने पुलिस की नारकोटिक्स सेल, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने लगातार इंटरनेट मीडिया, नेटवर्किंग एप और पब्लिक स्थानों पर नजर रखने का दावा किया है।

# खारुन नदी के तट पर चल रहा था रेत उत्खनन, सक्शन-चेनमाउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खारुन नदी तट पर दुर्ग सीमा क्षेत्र में ग्राम दतरेंगी सातपाखर डेम के समीप रेत का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही रायपुर और दुर्ग खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को छापा मारा। इस दौरान तट पर रेत का अवैध उत्खनन का कार्य किया जा रहा था। टीम ने मौके से एक सक्शन मशीन और एक चेनमाउंटेन मशीन जब्त की है। इसके अलावा नदी से एक नाव भी जब्त की है। नदी से रेत बाहर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रायपुर-दुर्ग खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई



### प्रकरण दुर्ग के सुपुर्द

शिकायत मिलने पर दुर्ग जिला विभाग को जानकारी दी गई। इसके बाद दोनों जिलों की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की कार्रवाई करते हुए मशीनें जब्त की हैं। कार्रवाई के बाद प्रकरण दुर्ग विभाग के सुपुर्द कर दिया है।
- **राजेंद्र मालवे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### लाखों की रेत का भंडारण मिला

इस छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने स्पॉट से सक्शन मशीन और एक चेनमाउंटेन मशीन तथा एक नाव को जब्त किया है, साथ ही इस तट के पास कई जगह पर भंडारण की गई रेत को भी जब्ती बनाया है। जब्ती बनाई गई रेत लाखों रुपए की बताई जा रही है। जिस तरह से तट पर रेत का भंडारण मिला है, उसे देखकर संभावना जताई जा रही है कि अवैध उत्खनन करने वाले लोग अवैध रूप से अब तक लाखों रुपए की रेत उत्खनन कर बेच भी चुके हैं। हालांकि अधिकारियों द्वारा इस मामले में अभी जब्त की गई मशीन के मालिक का पता लगाकर उसके खिलाफ प्रकरण बनाने की बात कही जा रही है।

### लंबे समय से चल रहा था अवैध उत्खनन

सूत्रों के अनुसार दुर्ग जिला अंतर्गत खारुन नदी तट पर रेत उत्खनन का कार्य करीब एक साल से चल रहा था, लेकिन इसकी जानकारी अब जाकर विभाग को हुई है। इससे पता चला कि विभाग में निरीक्षण का काम किस तरह से चल रहा है। सूत्रों के अनुसार रेत का अवैध उत्खनन का कार्य जो व्यक्ति करा रहा था, उसकी जब्त की गई मशीन के मालिक से साठगांठ है। ऐसी भी खबर है कि इस अवैध खनन की जानकारी ग्राम पंचायत को भी दी, लेकिन इस मामले में अब तक उसके द्वारा कोई शिकायत विभाग में नहीं की गई।

BREAKING NEWS

THE REAL FACTORY SALE

2025 का लेटेस्ट विंटर एण्ड समर गारमेंट्स के आर्टिकल

डायरेक्ट कम्पनी द्वारा साल में एक बार दिसम्बर माह में लगने वाली Winter & Summer Sale
कम्पनी ने इस वर्ष रायपुर के सबसे बड़े 5-Star Hotel Hyatt को चुना है

झूठ-मूठ 90% डिस्काउंट का लालच देकर माल बेचना यह हमारा काम नहीं है

फैक्ट्री द्वारा विंटर एण्ड समर गारमेंट्स, शूज व हैण्डलूम रायपुर के रिटेल ग्राहकों को 100% ओरिजनल डायरेक्ट फ्लेट 75% डिस्काउंट पर बिक्री

Calvin Klein, aurelia, D'Cot, Raymond, ColorPlus, PARK AVENUE, parx

इन सभी गारमेन्ट्स की बिक्री इन्हीं रेटों पर की जायेगी जो नीचे दिए गए है।

विंटर एण्ड समर गारमेंट्स : स्वेट शर्ट, हुडी, जैकेट, स्वेटर, टॉप, लोअर, लॉंग कुर्ती चुनकर लीजिए मात्र 100, 200 व 300 रुपये में
4000 से 5000 तक में बिकने वाले प्रीमियम विंटर गारमेन्ट्स चुनकर लीजिए मात्र 400 रुपये से 700 रुपये में

लेडिज वियर : लेडिज टॉप, लोअर, हॉफ पेन्ट, सलवार, कमीज, कुर्ती और भी मिक्स गारमेन्ट्स चुनकर लीजिए मात्र 50 व 100 रुपये में

जेन्ट्स वियर : जेन्ट्स टी-शर्ट, कुर्ता, नेकर, बरमूडा, मोदी कोटी और भी मिक्स गारमेन्ट्स चुनकर लीजिए मात्र 100 रुपये से 200 रुपये में

हैण्डलूम की मिक्स वैरायटी लेडिज चप्पल चुनकर लीजिए मात्र 50 रुपये से
2000 से 5000 तक में बिकने वाले मेन्स एण्ड वुमन्स स्पोर्ट्स शूज लीजिये मात्र 600 रुपये में

ऐसा क्यों?
1. कम्पनी अपने सालभर के बचे स्टॉक को दिसंबर माह में एक बार सेल द्वारा फ्लेट 75% पर डायरेक्ट रिटेल ग्राहकों को बिक्री कर देती है

रायपुर शहर के सबसे बड़े होटल हयात में सेल लगाने का मुख्य कारण
1. शहर का सबसे बड़ा 5-स्टार होटल 2. पार्किंग की भरपूर व्यवस्था 3. शहर के ट्रैफिक से दूर 4. 15 हजार स्के.फिट का हॉल, जिसमें ग्राहक आसानी से खरीददारी कर सके।

याद रहे यह बिक्री सिर्फ 2 दिन 27-28 दिसंबर शनिवार व रविवार
TIME - 10AM to 10PM

VENUE: HYATT Raipur
होटल हयात, मेग्नेटो मॉल, एनएच-6, जीवन विहार, लाभान्डी, रायपुर

फ्री एन्ट्री
फ्री पार्किंग
sumit

जनवरी में होगी परीक्षा

# नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों के लिए शेड्यूल जारी, अब नहीं बदल सकेंगे परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति भर्ती 2025 के तहत होने वाली टियर-1 परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाएगी, जिन्होंने विभिन्न शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली है। सीबीएसई ने परीक्षा तिथियों के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए एग्जाम सिटी भी निर्धारित कर दी है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सीबीएसई के




आधिकारिक परीक्षा पोर्टल पर लॉग-इन कर अपने परीक्षा केंद्र की जानकारी देख सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सूचना में दी गई प्रक्रिया के अनुसार ही लॉग-इन करना होगा। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, टियर-1 परीक्षा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो दिन पूर्व जारी होगा एडमिट कार्ड

बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि परीक्षा शहर बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई अलग सूचना नहीं भेजी जाएगी। परीक्षा केंद्र का पूरा पता और अन्य विवरण वाला एडमिट कार्ड परीक्षा से दो दिन पहले सीबीएसई पोर्टल पर जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस की आधिकारिक वेबसाइट ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रजिस्ट्रेशन नंबर का करना होगा उपयोग

11 जनवरी 2026 को सुबह की शिफ्ट (9:30 से 11:30 बजे) में असिस्टेंट कमिश्नर, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और पोस्ट ग्रेज्यूएट टीचर पदों की परीक्षा होगी। वहीं दोपहर की शिफ्ट (2:30 से 4:30 बजे) में ट्रेंड ग्रेज्यूएट टीचर और अन्य विविध शिक्षण पदों के साथ-साथ लाइब्रेरियन, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, फाइनेंस ऑफिसर, जूनियर ट्रांसलेटर, असिस्टेंट इंजीनियर, ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बांटे कंबल

**रायपुर।** वीर बाल शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर सिख समाज के प्रमुख कथावाचक ज्ञानी पिंदर पाल सिंह के मुख्य सानिध्य में सिख समाज ने देवेंद्र नगर चौराहे पर आमजनों एवं जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटे। इस अवसर उन्होंने ने सदैव कर्म करते रहने एवं सेवाभाव में लगे रहने कहा। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा एवं अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सिख संगठन के दलजीत चावला, हरपाल भामरा, गुरमीत सिंह, लवली अरोरा, टिंकू होरा, मनमीत सिंह, सत्तू सिंह, सुशांत डे, संजय सोनी, गुरुभेज सिंह, यशवंत सिंह, जिलाध्यक्ष रिंकू सैनी, कमल धृतलहरे एवं श्वेता अरोरा, तरन कौर, रम्मी सलूजा, सिम्मी चावला, रूबी गांधी सहित महिला विंग की सदस्य मौजूद रहीं।

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने बांटे कंबल, भोज भी दिया



**रायपुर।** भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी को अटल स्मृति वर्ष के रूप में मनाते हुए प्रदेश के सभी जिलों में कंबल बांटे। बुजुर्गों को शॉल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया एवं समरसता भोज भी दिया। इस दौरान स्थानीय सांसद, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष समेत जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रायपुर में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा अग्रसेन चौक शिवनगर बस्ती, बजरंग नगर, में कार्यक्रम आयोजित कर करीब 1000 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अटलजी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर, मुरारी मिश्रा, राजेश पाण्डे ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया।

### सार्वजनिक स्थल से 2 कंडम वाहन, निर्माण सामग्री हटाई

**रायपुर।** जोन-10 कार्यालय अंतर्गत देवपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नगर निवेश विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 18 से अधिक स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट मिलने पर संबंधित भवन स्वामियों पर कुल 13100 रुपए का जुर्माना वसूला गया, वहीं देवपुरी में सार्वजनिक स्थल से दो कंडम वाहन तथा निर्माण सामग्री को हटाने की कार्रवाई की गई।

### ग्रामीणों को विकसित भारत जीरामजी अधिनियम की दी गई जानकारी



**रायपुर।** विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 की प्रमुख विशेषताओं से ग्रामीणों को अवगत कराने जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामसभाएं हुईं, जिसमें ग्रामीणों को नए अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### जिले में अब तक 32.39 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। इस क्रम में शुक्रवार को 2876 किसानों से 1 लाख 50 हजार 481.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार अब तक जिले में 68062 किसानों से 32 लाख 39 हजार 535.60 क्विंटल की खरीदी हुई है।

# धीरेंद्र शास्त्री पर भूपेश का पलटवार, कहा- बीजेपी के एजेंट हैं, पैसा बटोरने आते हैं छत्तीसगढ़


## विदेश चले जाने के बयान पर भूपेश ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री के भूपेश बघेल को विदेश चले जाना चाहिए वाले बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, वे छत्तीसगढ़ में पैसा बटोरने आते हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म नहीं हुआ था, तब से हनुमान चलीसा पढ़ रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कल का बच्चा है। बीजेपी के एजेंट के रूप में काम करते हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को चुनौती देता हूं कि छत्तीसगढ़ के किसी भी साधु संत से शास्त्रार्थ कर लें।

उन्होंने कहा, लोग दिव्य दरबार से ठीक हो रहे हैं, तो मेडिकल कॉलेज क्यों खोल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कबीर और गुरु घासीदास की वाणी गूंजती है। शास्त्री से मेरा बेटा भी 10 साल बड़ा है। ये हमको सनातन धर्म सिखाएंगे? दूसरे प्रदेश में होते तो नहीं बोल पाते। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व श्री बघेल ने पंडित प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री पर निशाना साधते हुए कहा था कि कथा के नाम पर टोटका बताकर लोगों को गुमराह करते हैं और भाजपा ने 'हिन्दू खतरे में हैं' बतलाकर तीन चुनाव जीता है।





### धर्म गुरु बेवकूफ बनाते हैं : टीएस

भूपेश बघेल के बयान का पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने समर्थन करते हुए कहा, धर्म गुरु वाकई में बेवकूफ बना रहे हैं। भावनाओं को उकेर रहे हैं, इसमें कोई दो मत नहीं कि जो भी ये कह रहा है, उसके जरिए भारतीय जनता पार्टी को वोट मिल जाए। ये गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुगलों ने हिंदुओं पर ऐसी कोई कार्रवाई की हो यह इतिहास में नहीं मिलता है। हम भी एक राज परिवार के हैं, मुसलमानों के समय में भी सरगुजा रियासत थी, कितने मुसलमान थे, हमारे यहां हिंदू सुरक्षित थे।

### हिंदुओं की कब से चिंता करने लगी कांग्रेस : पुरंदर



भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने भूपेश के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कब से हिंदुओं की चिंता करने लगी है, देश में कांग्रेसी मुगलों के पार्टनर हैं। कांग्रेस ने मुगलों की तरह छत्तीसगढ़ को लूटा है, इसलिए कांग्रेस के नेता और अधिकारी जेल में हैं।

## चिमनानी बोले- कांग्रेस खड़ी है सनातन धर्म के खिलाफ



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, भाजपा धर्मांतरण के खिलाफ खड़ी है, जबकि कांग्रेस सनातन धर्म के खिलाफ खड़ी है। कांग्रेस संत, समाज समेत हर उस व्यक्ति के खिलाफ षड्यंत्र करती है, जो धर्मांतरण का विरोध करता है। पं. प्रदीप मिश्रा व पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा अंध विश्वास फैलाने संबंधी बयान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लाखों-करोड़ों सनातन-प्रेमियों से माफी मांगनी चाहिए। वे यदि माफी नहीं मांगते हैं, तो कांग्रेस नेतृत्व उन पर कार्रवाई करे। श्री चिमनानी ने कहा, जिसने भी धर्मांतरण के खिलाफ कहा और धर्मांतरण के विरुद्ध समाज को जागरूक किया, कांग्रेस ने उस पर जहर उगलने का काम किया है, उसका दमन किया है। उन्होंने बताया, 2004 में कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी के इशारे पर दीपावली की पूजा रुकवाकर एक झूठे आरोप में शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती की गिरफ्तारी की गई थी। यह सनातन के विरुद्ध एक बहुत बड़ी साजिश का प्रमाण है। कांग्रेस के तत्कालीन दिग्गज नेता प्रणव मुखर्जी ने अपनी किताब 'द कोएलिशन ईयर्स' में यह कहा था कि शंकराचार्य की जो जबरन गिरफ्तारी हुई थी, वह सोनिया गांधी ने सनातन धर्म को नीचा दिखाने के लिए करवाई थी, ऐसा मीडिया रिपोर्ट्स एवं कई पत्रकारों के ट्विट के माध्यम से सामने आया था। शंकराचार्य तमिलनाडु में हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। साफ है, धर्मांतरण की मुखालफत और सनातन के प्रचारकों को कांग्रेस टारगेट करती है।

## कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के लिए राजकीय विमान भेजना जनता के धन की बर्बादी



कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री को लाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का विमान भेजना राज्य के खजाने का दुरुपयोग है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार ने धीरेन्द्र शास्त्री के किस संवैधानिक हैसियत के कारण उनके लिए विमान भेजा था। सरकार इस बारे में स्पष्टीकरण जारी करे। उन्होंने कहा, धीरेन्द्र शास्त्री हिन्दू समाज और सनातन के धर्मगुरु नहीं हैं। वे कथावाचक हो सकते हैं। टोना-टोटका करने वाले बाबा हो सकते हैं, लेकिन वे कोई धर्माचार्य नहीं है, न ही किसी शास्त्र के मान्यता प्राप्त पीठ के पीठाधीश्वर हैं। उनका आचार-विचार, व्यवहार देश की गंगा जमुनी संस्कृति के खिलाफ है। हिन्दू धर्म, सनातन धर्म जोड़ने का काम करता है। धीरेन्द्र शास्त्री तो परस्पर विद्वेष पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, पवनपुत्र हनुमानजी प्रेम, सहिष्णुता, वीरता और क्षमा के प्रतिरूप हैं। हनुमानजी के नाम पर कथा कहकर अपनी आजीविका चलाने वाले धीरेन्द्र शास्त्री हनुमानजी के चरित्र से ही सहिष्णुता नहीं सीख पाये हैं, तो कथा श्रवण करने वालों को क्या हनुमानजी के चरित्र पर व्याख्या कर पाएंगे? हनुमानजी ने कालनेमि जैसे दुष्ट पाखंड का नाश किया था, उनके नाम से कोई पाखंड ज्यादा दिन नहीं चल सकता।

# पीएम आवास योजना (शहरी) : 31 दिसंबर के बाद अपूर्ण आवासों को नहीं दी जाएगी वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत अपूर्ण आवासों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 31 दिसंबर के बाद कोई भी वित्तीय सहायता जारी नहीं की जाएगी। ऐसे अपूर्ण आवासों को नगरीय निकायों को स्वयं के संसाधनों से पूर्ण करना होगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर पालिक निगम के आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नगर पंचायत को आदेश जारी किया है।

जारी परिपत्र में केंद्र के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में 4 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 तक अंगीकार 2025 अभियान का क्रियान्वयन किया गया है। अभियान अवधि अन्तर्गत समस्त नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री आवास योजना योजना (शहरी) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अपूर्ण आवासों को विशेष अभियान अन्तर्गत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गए थे।

### नए आवासों की स्वीकृति नहीं होगी

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मिशन अवधि दिसम्बर, 2025 को समाप्त हो रही है। अतएव समस्त नगरीय निकायों को निर्देशित किया जाता है कि, योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अभी तक अप्रारंभ आवासों के लिए किसी प्रकार की राशि जारी नहीं की जाए। अप्रारंभ आवासों को दिसम्बर, 2025 तक प्रारंभ कर पूर्ण किया जाना संभव नहीं होगा, अतएव ऐसे कार्यों को प्रारंभ न किया जावे।

प्रधान मंत्री
आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### पूर्ण आवासों का जियो टैगिंग पूरा करें

समस्त नगरीय निकायों को निर्देशित किया जाता है कि, अंगीकार 2025 अभियान को 31 दिसंबर तक मिशन मोड में जारी रखा जावे। अभियान अवधि के अन्तर्गत नगरीय निकाय प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अपूर्ण आवासों को पूर्ण करते हुए सभी चरणों की नियमित जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जावे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अन्तर्गत स्वीकृत आवासों की शत-प्रतिशत ग्राउंडिंग सुनिश्चित की जावे।

### नहीं दी जाएगी वित्तीय सहायता

समस्त नगरीय निकायों को यह पुनः सूचित किया जाता है, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत अपूर्ण आवासों को अनिवार्यतः 31 दिसम्बर तक पूर्ण किया जावे। पूर्व में जारी निर्देशों के आधार पर यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि 31 दिसम्बर के बाद अपूर्ण आवासों हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी एवं ऐसे अपूर्ण आवासों को निकायों द्वारा स्वयं के संशाधनों से पूर्ण किया जाना होगा।

### 31 तक पूरा करने पर मिलेगा क्लेम

यदि नगर निगम और नगर पालिकाएं प्रगतिरत आवासों का निर्माण 31 दिसंबर तक पूर्ण कर उसका क्लेम प्रस्तुत करती हैं, तो संबंधित राशि जारी कर दी जाएगी। योजना के अंतर्गत घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) के तहत 2,06,118 और भागीदारी में किफायती आवास निर्माण (एएचपी) के तहत 27,475 आवास स्वीकृत किए गए थे। बताया जाता है कि दोनों घटकों के तहत स्वीकृत आवासों में से 2,17,022 आवास पूरे कर लिए गए हैं। कुल मिलाकर 89 प्रतिशत आवास पूर्ण किए जा चुके हैं।

# प्रधान पाठकों ने संचालक से मांगा प्रमोशन ऑर्डर, मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

- बिना पदोन्नति किए हाईकोर्ट में दी आदेश जारी करने की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संचालनालय द्वारा प्रधानपाठकों की पदोन्नति किए बिना ही एजी कार्यालय को झूठी जानकारी भेजे जाने के मामले में छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में पदोन्नति के आदेश की मांग संचालक से की है।

संघ ने हैरानी जताई कि उच्च न्यायालय में जहां प्रमोशन हो जाने की जानकारी देकर कोर्ट को गुमराह किया गया है, वहीं इन याचिकाकर्ताओं से उनके अभ्यावेदन लेने से भी इनकार किया जा रहा। संघ ने संचालक ऋतुराज रघुवंशी के संचालनानय में न मिलने पर मुख्य सचिव कार्यालय जा कर अभ्यावेदन दिया।

उन्होंने कहा, एक ओर स्कूल शिक्षा विभाग उच्च न्यायालय को 8 दिसंबर को हमारी पदोन्नति हो जाने की झूठी जानकारी देकर हमारी याचिकाएं निष्प्रभावी करवा रहा है, वहीं 22 दिसंबर की डीपीसी में हमारी पदोन्नति पर विचार भी नहीं कर रहा है। बताया जाता है, आज ही शिक्षक संघ के ओंकार ठाकुर, राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने ई एवं एलबी संवर्ग की नियमानुसार डीपीसी की मांग की है। सभी पदाधिकारियों ने 10 फरवरी 2025 के निर्णय को आज तक डबल बेंच में नहीं ले जाने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए ई कैडर के शिक्षकों के साथ षडयंत्र बताया। संचालनालय में इसे लेकर पहुंचे शिक्षकों ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने जब उच्च न्यायालय को 8 दिसंबर को ये जानकारी दी कि उनको प्रमोशन दिया जा चुका है, तो उनको ये आदेश दिया जाना चाहिए। संजय तिवारी ने बताया कि संचालक की अनुपस्थिति में उप संचालक आशुतोष चावरे से चर्चा हुई एवं सभी तथ्यों को रखा गया।

### ये थे मौजूद

इस दौरान शिक्षक संघ के प्रमोद देवांगन, अशोक वर्मा, देवी प्रसाद धुव, प्रकाश साहू, गोपेश्वर वर्मा, भूपेंद्र पटेल, मोती लाल वर्मा, हरीश वर्मा, उमाशंकर वर्मा उपस्थित थे।

## बैज बोले- धान खरीदी व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार की लापरवाही के कारण सोसाइटियों में धान जाम हो गया है। जगह की कमी हो गयी है तथा खरीदी प्रभावित हो रही है। अनेको सोसाइटियों में अभी तक सरकार ने लिमिट नहीं बढ़ायी है, जिसके कारण किसानों के धान की पूरी खरीदी नहीं हो पा रही है। पुराना बारदाना दिया जा रहा है वह भी फटा हुआ है, जिसके कारण हर बोरे में किसानो को दो से तीन किलो का नुकसान हो रहा है। सोसाइटियों में तौलाई भी प्रति तौल 1 से 2 किलो अधिक की जा रही है। यह सीधा-सीधा किसानों से लूट है। सरकार धान खरीदी जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था को भी नहीं संभाल पा रही है। उन्होंने कहा, धान उठाव के लिये डीओ नहीं कटने के कारण अधिकतर सोसाइटियों में उठाव शुरू नहीं हो पाया है। खरीदी केन्द्रों में बफर स्टाक पड़ा हुआ है। सरकार को खरीदी शुरू करने के तुरंत बाद डीओ जारी करने और परिवहन का अनुबंध कर लेना था, लेकिन सरकार लापरवाह बनी रही। सरकार को पता है कि अनुबंध देर करने और डीओ नहीं कटने के कारण जाम की स्थिति बनेगी तथा खरीदी प्रभावित होगी तथा कम धान खरीदना पड़ेगा। यह सोची समझी साजिश है।

# धान के उठाव में मार्कफेड की सुस्ती जिलों से नहीं कट रहा डीओ और आरओ

## 58 लाख टन धान की खरीदी, 1577 खरीदी केंद्र में बफर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर लगातार धान की आवक जारी है। अब तक 58 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है। मार्कफेड द्वारा पूरे खरीदी सिस्टम की मानिटरिंग की जा रही है। खरीदी केंद्रों से धान के परिवहन को लेकर मिलरों को डीओ नहीं काटा जा रहा है।

मार्कफेड द्वारा संग्रहण केंद्रों में धान का उठाव करने आरओ काटा जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में रखरखाव की तैयारी नहीं होने के कारण यह भी नियमित रूप से जारी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में धान जाम होने की वजह से खरीदी प्रभावित हो रही है। अब तक 13 लाख टन धान का उठाव किया गया है। उठाव में सुस्ती आने वाले समय में मार्कफेड को भारी न पड़ जाए।



छत्तीसगढ़ में पिछले 40 दिनों से धान खरीदी हो रही है। अब तक सरकार ने लक्ष्य तय नहीं किया है, लेकिन यह अनुमान है कि 160 लाख टन धान की खरीदी हो सकती है। अगर इस अनुमान को देखा जाए तो अब तक मात्र 40 प्रतिशत धान की खरीदी पूरी हो पाई है। प्रदेश के 2739 खरीदी केंद्रों में से 1577 खरीदी केंद्रों में अब बफर स्टॉक की स्थिति है। कई जिलों की खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण दी गई लिमिट के बराबर धान नहीं खरीदा जा रहा है। मार्कफेड अभी अपने संग्रहण केंद्रों को तैयार नहीं कर पाया है, जिसके कारण जिले में डीएमओ आरओ भी नहीं काट रहे हैं। ऐसे में खुले में पड़े धान की सुरक्षा की जिम्मेदारी समितियों पर डाल दी गई है।

### 11 लाख किसानों से हुई खरीदी

प्रदेश में पंजीकृत 27 लाख 43 हजार किसानों में से 11 लाख किसानों से अब तक धान की खरीदी हो चुकी है। 13 हजार 615 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना है। सवा 10 लाख किसानों को अब तक 12752 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। बताया जाता है कि समितियों में खरीदी के साथ ही उठाव के लिए अब समय तय नहीं किया गया है। पहले यह तीन दिन का समय तय था। उठाव तय नहीं होने के बाद खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट की मात्रा कम थी उसे बढ़ा दिया गया। लिमिट बढ़ाने के बाद भी मार्कफेड धान के उठाव में सुस्ती बरत रहा है।

### डेढ़ दर्जन जिलों में नहीं कटा डीओ

15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद लगातार किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसान अपना धान लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। अब प्रतिदिन दो से तीन लाख टन धान की आवक हो रही है। आवक के आधार पर समितियों द्वारा खरीदी की जा रही है। समितियों में धान जमा होने के साथ डीएमओ को उपार्जन केंद्रों में जमा धान की रिपोर्ट दे रहे हैं। उसके आधार पर मिलरों को डीओ जारी करना चाहिए वह निहीं किया जा रहा है। मार्कफेड संग्रहण केंद्रों के लिए आरओ जारी कर रही है, लेकिन वहां तैयारी न होने के कारण उठाव नहीं हो रहा है।

### धान उत्पादक जिलों में अधिक समस्या

राज्य में कई जिले जहां धान का उत्पादन अधिक होता है, वहां सबसे अधिक समस्या है। इनमें से महासमुंद, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, धमतरी, गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर में खरीदी केंद्रों में धान का बंपर स्टॉक जमा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी स्थानों पर परिवहन को लेकर कलेक्टरों से कहा गया है। वे खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद उठाव के लिए डीओ काटने का आदेश दे रहे हैं।

## दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज, पीसीसी अध्यक्ष बैज होंगे शामिल

# संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करेगी कांग्रेस कार्यसमिति, राहुल-खड़गे आएंगे राज्य के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में संगठन सृजन अभियान के तहत दिसंबर तक जिला, ब्लॉक और मंडल समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति पूरी करनी थी। दिसंबर समाप्त होने को है, लेकिन अब तक केवल जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पूरी हो पाई है। शेष पदों पर नियुक्ति अभी शेष है। इधर संगठन सृजन अभियान के बाद कांग्रेस कार्यसमिति संगठन की मजबूती के लिए किए गए प्रयासों को लेकर समीक्षा कर रही है।

कार्यसमिति की बैठक 27 दिसंबर को दिल्ली में होगी। बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। कार्यसमिति की बैठक में राज्य के 41 जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण की तिथि तय करने के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को अंतिम रूप दिया जाएगा। नए साल की शुरुआत छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने की तैयारी से होगी, क्योंकि हाल ही में छत्तीसगढ़ में जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां हुई हैं, ऐसे में अब राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेस के सभी सीनियर नेता अब कांग्रेस जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग देंगे। राहुल गांधी जनवरी में दौरा करेंगे। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने यहां तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी 10 जनवरी के बाद छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। उनके साथ मल्लिकार्जुन खड़गे भी रहेंगे। माना जा रहा है कि बस्तर या सरगुजा में से किसी एक जगह पर पर कांग्रेस के नए जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग देंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार शाम को दिल्ली रवाना हुए। बताया जा रहा है कि श्री बैज, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ दिल्ली में उनके दौरे को लेकर फाइनल रूपरेखा बनाएंगे। इसके बाद राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आएंगे और उसके बाद यहां रणनीतिक रूप से कांग्रेस को मजबूत करने पर काम करेंगे।





### सीनियर नेता आएंगे छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी को दो दिन का दौरा करने की तैयारी की गई है। राहुल के दौरे में होने वाली बैठकों में संगठनात्मक जिम्मेदारियों, मीडिया मैनेजमेंट, सोशल मीडिया कैंपेन के हिसाब से जिम्मेदारियों की जानकारी दी जाएगी। राहुल के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट भी उनके साथ छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे।

### जिलाध्यक्ष को पॉवर

छत्तीसगढ़ में 41 नए जिलाध्यक्ष बने हैं। राहुल गांधी सभी जिलाध्यक्षों से वन टू वन बातचीत करेंगे, क्योंकि राहुल गांधी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के फैसलों में जिलाध्यक्षों की भूमिका रहेगी, जबकि टिकट वितरण में भी जिलाध्यक्षों को पूरा पॉवर दिया गया है, ऐसे में राहुल गांधी का फोकस इस बात पर भी रहेगा, जिसके चलते छत्तीसगढ़ में होने वाली कांग्रेस की यह बैठक अहम होगी।

### संगठन की नियुक्तियां जल्द होंगी

बताया जाता है कि एआईसीसी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा के बाद प्रदेश में 307 ब्लॉक अध्यक्ष और 1400 मंडल समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी। पीसीसी अध्यक्ष बैज ने इसके संकेत दिए हैं कि मंडल समितियों के अध्यक्षों के लिए नाम लगभग तय हैं, उन्हें जारी करना बाकी है। वहीं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति नए अध्यक्षों से सलाह के बाद किए जाने के कारण रुकी हुई है। इसकी भी प्रक्रिया पूरी कर जारी करने के प्रयासों में तेजी आएगी।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है उक्त भवन को फ्रि-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्रि-होल्ड संपरिवर्तन निम्नानुसार किया जाना है:-

**क्र. 1. आबंटी का नाम - श्री प्रमेश सिंह**
**पिता/पति का नाम - श्री निहाल सिंह**
**कॉलोनी का नाम - गातापार अभनपुर**
**भवन क्रमांक** - LIG Ind / LIG IND NEW LIG-**44**

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## खबर संक्षेप

### बाराडेरा में दो दिनी कबीर सत्संग सभा आज व कल

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित बाराडेरा तुलसी में दो दिवसीय सतगुरु कबीर सत्संग समारोह को आयोजित 27 दिसंबर से शुरू होगा जिसमें परम पूज्य आचार्य ज्योति स्वामी साहेब एवं कन्हैया साहेब सोहन साहेब महंत साहेब दीनबंधु आश्रम टकसार साहेब और अनेकों संतो द्वारा भजन प्रवचन सुनने का अवसर मिलेगा। अध्यक्ष डॉ दौवा राम ने बताया कि 28 दिसंबर को चौका आरती और भोजन भंडारे का व्यवस्था रखा गया है।

### अटल जयंती पर आरंग बस स्टैंड सेवा आज

**आरंग।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के 101वी जन्म जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 27 दिसंबर को आरंग के बस स्टैंड में दोपहर 1 बजे विविध कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदों को गरम कपड़ा वितरण, आरंग विधानसभा के अंतर्गत भाजपा के प्रदेश व जिला के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, सुशील कुमार जलक्षत्री (प्रदेश अध्यक्ष धीवर समाज शिक्षा व खेल प्रकोष्ठ) का जन्मदिवस उत्सव जैसे कार्यक्रम शामिल है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बतौर अतिथि गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन), डॉ. नवीन मार्कण्डेय (प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी भाजपा छ.ग.), ध्रुव कुमार मिर्धा (अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड छ.ग. शासन), श्याम कुमार नारंग (जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण), डॉ. संदीप जैन (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, टाकेश्वरी मुरली साहू (अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग), देवनाथ साहू (मंडल अध्यक्ष आरंग), समस्त मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री (आरंग विधानसभा), हिरामन कोशले (उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग), रविन्द्र रिंकू चंद्राकर (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग), समस्त पार्षदगण (नगर पालिका परिषद आरंग) शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक सुशील कुमार जलक्षत्री, सह- संयोजक तुषार भार्गव, खूबचंद साहू, सतीश मानु जलक्षत्री है।

### रस्साकसी में मंदिरहसौद की बालिकाओं ने दिखाया दम

**मंदिर हसौद।** जब व्यक्ति कुछ करने की ठाने तो बड़ी से बड़ी मुश्किलें आसान हो जाती है कुछ ऐसा ही कर दिखाया है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मंदिर हसौद की छात्राओं ने ,जिन्होंने लगातार जोन स्तरीय,ब्लॉक स्तरीय फिर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कामयाबी हासिल किया है। युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव 2025 लोकसभा क्षेत्र रायपुर के जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम, रायपुर में मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा आरंग विकास खंड के छात्राओं को अंडर 19 बालिका वर्ग रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नगद ग्यारह हजार पुरुस्कार प्रशस्ति पत्र,मेडल प्रदान कर रस्साकसी के खिलाड़ियों प्रिया धृतलहरे,छाया बंजारे,अदिति यादव, नंदनी पटेल,अमृता सिंह,रितिका गायकवाड़ ,नीतू मार्कण्डेय, नेहा साहू,दीपिका बघेल, नीलम परमार को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपने कोच मनप्रीत कौर भाटिया व्यायाम शिक्षक के प्रति आभार माना है। इन छात्राओं की उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा,ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी राकेश प्रधान, संस्था के प्राचार्य शिवपाल सिंह चंद्रा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दिया हैं।

### रवेली में घासीदास जयंती कल मनाएंगे

**अभनपुर।** ग्राम रवेली(जुलुम) में सतनामी समाज द्वारा 28 दिसंबर रविवार को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती मनाई जाएगी। जयंती समारोह में पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सतनाम संदेश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति के मुकेश बंजारे ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच लोक अंजोर की प्रस्तुति होगी।

# ईसीसीई मेले से बच्चों की देखभाल व शिक्षा के लिए आएगी जागरूकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रोजेक्ट आंगन के अंतर्गत तिल्दा आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा अभिभावकों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ECCE मेले के आयोजन में वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन, पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 20 सुधा चौबे, आंगनबाड़ी की साहिका कार्यकर्ता एवं गणमान्य जन अपने बच्चों को लेकर के वहां उपस्थित हुए। मेले के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों एवं उनके पालकों को एक साथ शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक गतिविधियों में सहभागी बनाया गया। इन गतिविधियों में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को नजदीक से समझा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता, नियमित देखभाल एवं सकारात्मक पालन-पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

### खेल-खेल में बच्चों की सीख और रचनात्मकता को मिला बढ़ावा

#### नींव होगी मजबूत

मेले में विशेष रूप से उपस्थित पार्षद रानी सौरभ जैन,ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नीव मजबूत रखती हैं। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों की प्रतिभा निखारने में सहायक बताया।




#### महिलाएं हुईं शामिल

ईसीसीई मेले में मितानिन, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं तथा स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास के साथ-साथ समुदाय की सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की बात कही गई।इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया।

## योजना : ग्रामसभाओं ने ग्रामीणों की दी गई जानकारी

# विकसित भारत जी राम जी के तहत अब 100 नहीं 125 दिनों का मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत वीबी जी राम जी (विकसित भारत जी राम जी) अधिनियम 2025 की विशेषताओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 26 दिसंबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। यह आयोजन जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिस्वरंजन के निर्देशन एवं अभिषेक बनर्जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों को नए अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। बताया गया कि अब रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण मेहनतकश परिवारों को अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ दिए जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को उनका पूरा हक समय पर मिल सकेगा। ग्रामसभा में यह भी जानकारी दी गई कि अब कार्ययोजना का निर्धारण सीधे ग्रामसभा में किया जाएगा। किसी भी कार्य को ऊपर से थोपे जाने की व्यवस्था समाप्त होगी और ग्राम पंचायत स्वयं विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करेगी, जिसमें ग्रामीणों की सहभागिता अनिवार्य होगी। कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों—जल सुरक्षा एवं संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्यों—में विभाजित किया गया है। नए अधिनियम में प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किए जाने की जानकारी भी दी गई। इससे कर्मचारियों की सेवाएं सुरक्षित होंगी तथा उनके क्षमता विकास में सहायता मिलेगी, जिससे योजना का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। ग्रामसभा में यह भी बताया गया कि कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए बुवाई एवं कटाई के व्यस्त समय में ग्रामीण श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान रखा गया है, जिसके दौरान रोजगार गारंटी के कार्य नहीं कराए जाएंगे। विकसित भारत जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंपलेट, पोस्टर एवं बैनर चस्पा किए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को योजना की जानकारी अधिक से अधिक प्राप्त हो सके।




# डिजिटल युग विकास में है सहायक पर सकारात्मक छवि बनाना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

भारतीय प्रबंधन संस्थान में पंचायत विभाग के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में संचार और जनसंपर्क के आधुनिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस विशेष सत्र में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित धरसीवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने 'नैरेटिव बिल्डिंग' और 'पब्लिक रिलेशन-गवर्नमेंट मैसेजिंग' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में केवल विकास कार्य करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कार्यों को जनता की सरल भाषा में उन तक पहुँचाना और एक सकारात्मक छवि निर्मित करना भी किसी भी जनप्रतिनिधि की सफलता के लिए अनिवार्य है।

विधायक श्री शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि केवल योजनाओं के क्रियान्वयन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे समाज के भरोसे के संरक्षक भी होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारी योजनाओं का संदेश सही भाषा, सही माध्यम और सही समय पर जनता तक पहुँचाना ही सफल 'गवर्नमेंट मैसेजिंग' का मूल आधार है। प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों को भूमिका-अभिनय (रोल प्ले) के माध्यम से यह भी सिखाया गया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों या तीखे सवालों के बीच भी आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी जा सकती है। उन्होंने मीडिया के साथ संवाद के दौरान पारदर्शिता, तथ्यों की स्पष्टता और शिष्ट भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

# खुलेआम सट्टे के कारोबार पर पुलिस कार्रवाई केवल खानापूर्ति

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर में जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ खुलेआम संचालित हो रहा है। पुलिस को इसकी जानकारी होने के बावजूद अनजान तमाशबीन बनी हुई है .कभी चोरी-छिपे चलने वाला सट्टा बाजार आजकल खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है .इससे जाहिर होता है की .इस खेल में खाईवाल को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है .हलाकि पुलिस दावा कर रही है की सट्टा पट्टी लिखे जाने की जानकारी उन्हें किसी ने नही दी है .लेकिन शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहर के लोगो से मिली शिकायत के बाद जब हरिभूमि की टीम वार्ड 3 में पहुंची..तो सट्टा लिखवाने वालो का आना जाना लगा हुआ था..और मकान की खिड़की से लोगो से सट्टा का नबर लिए जा रहे थे. लाइन लगाकर खड़े लोगो की नजर जैसे ही कैमरे पर पड़ी काउंटर को बंद कर दिया गया .उसके बाद टीम ओवर ब्रिज के पास पहुची वहा सट्टा लिखवाने वालो का मेला लगा हुआ था. तीन लोग पर्ची काटने में लगे हुए थे ,इसी बीच लोगो की नजर यहाँ भी कैमरे पर पड़ गई और वहा अफरा तफरी मच गई .सट्टा पट्टी लिखने वाले के साथ लोग भागकर निकल गए ..और फिर वहां से खाईवाल के लोग और खलने वाले किसी दुसरे स्थान पहुच अपने धंधे में लग गए ..लेकिन जिस प्रकार बिना भय के सट्टा लिखा जा रहा था और खलने वालो की भीड़ लगी हुई थी .उससे यह कहना गलत नही होगा की बिना पुलिस संरक्षण के इस तरह खुलेआम सट्टे का कारोबार कोई भी नहीं कर सकता है.जबकि पुलिस का साफ कहना है की सट्टे की कोई जानकारी उनके पास नही है।



#### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि यदि शहर में सट्टा चल रहा है तो हम सटोरियों पर बड़ी कार्रवाई करेंगे सटोरिया कितनी भी पहुंच वाला हो उस पर पुलिस कार्रवाई करेंगी। तिल्दा नेवरा टीआई रमाकांत तिवारी ने कहा कि इस तरह की कोई जानकारी हमारे पास नहीं है यदि ऐसा हो रहा है तो कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# परिवहन नहीं होने से धान जाम, कई केंद्रों में खरीदी बंद होने की आशंका

**सिलयारी।** धान का परिवहन विकराल समस्या का रूप ले चुका है स्थिति यह है कि किसान का धान खरीदी एक, दो दिन में ठप हो जाएगा। किसानों का धान ऐसे में बिकना मुश्किल है अधिकतर खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं हो पा रहा है समिति प्रभारियों द्वारा लगातार मार्कफेड के अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है लेकिन कोई समाधान नहीं प रहा है 41 दिन से धान खरीदी हो रहा है सभी समितियों में धान का परिवहन नहीं होने से समिति प्रभारी भारी चिंता में है सूखत का भार कैसे पूरा करेंगे जिससे समिति प्रभारी लगातार शाखा प्रबंधक के माध्यम से मार्कफेड के अधिकारियों को फोन से माग कर रहे है पत्र लिख रहे है लेकिन समस्या जस का तस बना हुआ है,अब किसान भी भयभीत है कि धान किसी भी तरह से बिक जाए हालत को देखकर किसान समिति को मदद करने अधिक वजन देने मजबूर हो रहे है किसानों से 40.650kg की जगह 41.300,41.200 ज्यादा धान देने मजबूर हो रहे है।

विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने पर जानकारी प्राप्त हुआ नीलजा धान खरीदी केंद्र में 15472क्विटल स्टॉक है आज तक केवल 4ट्रक ही परिवहन हो पाया है,कुथरेल में 10914क्विटल, सिलयारी16974क्विटल, पथरी में10813क्विटल,नगरगांव में 16870क्विटल, मढ़ी11524क्विटल, बरतोरी 10495क्विटल,खौना16856क्विटल, रायखेड़ा13112क्विटल, किरना में 8709नीनवा 7264 क्विटल धान का भारी जाम हो गया है पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जहां पर सभी समितियों में भारी धान का स्टेक जमा है आज खोना समिति में खरीदी का लिमिट नहीं बढ़ने से वहां 2एकड़ से ऊपर के किसान का टोकन नहीं कटा है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर किसानों से अधिक धान लेगे तो किसानों के आंदोलन करने बाध्य होगे।

# संचालक से संवाद में व्यायाम शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रदेश की खेल गतिविधियों को नए आयाम देने एवं खिलाड़ियों को तराशकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के व्यायाम शिक्षकों के संगठन छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल की लोक शिक्षण संचालनालय में संचालक के बुलावे पर एक अहम बैठक आयोजित हुई।

बैठक में संघ द्वारा संचालक के प्रतिनिधि आशुतोष चावरे एवं स्पोर्ट्स सेक्शन के अधिकारियों के समक्ष चौदह बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिस पर सहमति बनी। बैठक में अन्य राज्यों, सीबीएसई केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के लिए तैयार किए गए स्कूली पाठ्यक्रम, जिसे एससीईआरटी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को भेजा गया है, उसे लागू करने हेतु पत्राचार करने पर सहमति बनी। साथ ही राजपत्र 2019 के अनुसार सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, व्याख्याता शारीरिक शिक्षा एवं प्रशिक्षक (कोच) के पदों पर अन्य शिक्षक संवर्ग की तरह एलबी व्यायाम शिक्षकों की वरिष्ठता के आधार पर 30 प्रतिशत पदोन्नति, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में खेल गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी का पद सृजन करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने, व्यायाम शिक्षकों को केवल खेल गतिविधियों के संचालन में सेवा देने, शासकीय व्यायाम शिक्षकों को ही दल प्रबंधक एवं कोच-मैनेजर बनाने, खिलाड़ियों के यात्रा एवं भोजन भत्ते में वृद्धि तथा कोच-मैनेजर को भी यात्रा भत्ता देने का प्रस्ताव भेजने पर चर्चा हुई।



#### खेल सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जरूरी

इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों एवं संभागों में वरिष्ठता सूची का आदेश प्रसारित करने, व्यायाम शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति से पृथक रखने, व्यायाम शिक्षक के पद को पदोन्नति से न भरकर केवल सीधी भर्ती से भरने, गतिरोध भत्ते की एकरूपता का आदेश जारी करने, व्यायाम शिक्षकों को अलग-अलग नामों के बजाय स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल अनुसार केवल "शारीरिक शिक्षा शिक्षक" नाम से संबोधित करने, खेल सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु क्रय समिति में संघ के सदस्यों को शामिल करने तथा टीएलबी संवर्ग के व्यायाम शिक्षकों की पदोन्नति हेतु ट्राइबल विभाग के कोच रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने जैसे प्रमुख बिंदुओं पर भी सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब संचालक की ओर से व्यायाम शिक्षकों को अपनी कई वर्षों से लंबित मांगों को रखने का अवसर प्रदान किया गया तथा विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। अब देखना होगा कि संघ की मांगों पर कितना अमल किया जाता है।

# सतनामी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल, पंजीयन आज तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ का 25वा वर्ष(रजत जयंती) के अवसर पर सतनामी युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 28 दिसंबर दिन रविवार को खालसा स्कूल कचहरी चौक रायपुर में रखा गया है। जिसको लेकर मंदिर हसौद में सामाजिक बैठक आयोजित किया। जहां चर्चा हुई की इस वर्ष नव युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ विधवा विधुर परित्यक्त तलाकशुदा भी परिचय सम्मेलन में सम्मिलित किए जाना है। वही आयोजन की तैयारी को लेकर जागृति उत्थान समिति के प्रदेश पदाधिकारी ने स्थानीय सदस्यों को गांव गांव में पहुंच कर भंडारी सढीदार और समाज के प्रमुखों को परिचय सम्मेलन के महत्व के बारे में बताने कहा जो आज भागम भागम के दौर में परिचय सम्मेलन के माध्यम से एक मंच पर समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों को एकत्रित कर अपना परिचय देने और परिवार के साथ अपने योग्य जीवन साथी के लिए बात रखने का अवसर उपलब्ध करते है। जिससे हमें शादी के लिए युवक युवती के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता। जहां परिचय सम्मेलन के माध्यम से अभी तक हजारों जोड़ा शादी के रस्म में बंधकर परिवारिक जीवन में खुश मय जीवन बिता रहे है। वही परिचय सम्मेलन की तैयारी अब अंतिम चरण में है, जहां आज अग्रिम पंजीयन का अंतिम दिन है। उसके बाद 28 दिसंबर को परिचय सम्मेलन स्थल पर 9बजे से पंजीयन किया जाएगा । जिसके लिए प्रतिभागी अपना आधार कार्ड या मार्कशीट के फोटो कॉपी तथा खुद का 2 पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर पहुंचे। अग्रिम पंजीयन प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के कार्यालय न्यू राजेन्द्र रायपुर गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में श्रीकृष्ण कुमार कोशले जिसका मो नंबर 9907971178 ,9926545355 से सम्पर्क कर सकते हैं।

## पेज 11 के शेष...

### गैंगस्टरों ने छत्तीसगढ़ ...

लिहाज से कोड निर्धारित किए थे। कोड के बारे में मयंक सिंह ने पुलिस को बताया है कि जिस राज्य के कारोबारियों से वे रंगदारी वसूलते थे, उस राज्य के लिए वे कोडवर्ड निर्धारित करते थे। मयंक ने पुलिस को कोडवर्ड के बारे में बताया है कि किसी साथी के पकड़े जाने पर या उसके पीछे पुलिस लग जाती थी, ऐसी स्थिति में ग्रुप का एक सदस्य ग्रुप में उस कोडवर्ड से मैसेज कर देते थे। इससे उन्हें जानकारी मिल जाती थी कि उनका कोई सदस्य पकड़ा गया है या फिर पुलिस पीछे लगी हुई है। इसके बाद ग्रुप डिलीट कर मैसेज भेजने वाले को छोड़ शेष बचे सदस्यों को दूसरे ग्रुप में शिफ्ट कर देते थे।

### ड्रग के साथ पुलिस ...

पुलिस ने नरैया तालाब के पास गिरफ्तार किया है। ड्रग के साथ पकड़ा गया युवक नागपुर से जुड़े तस्करों से सीधे संपर्क में था। अब्दुल ड्रग सिंडिकेट के साथ जुड़कर तीन साल से काम कर रहा था। पूछताछ में अब्दुल ने पुलिस को बताया है कि वह न्यू ईयर के दौरान होने वाली हाई-प्रोफाइल पार्टियों, विशेषकर शहर से बाहर के फार्म हाउस, रिजाट्र्स और प्राइवेट क्लबों को निशाना बनाकर ड्रग की डिलीवरी करने सिंडिकेट से जुड़े लोगों से संपर्क करने आया था। अब्दुल अपने ग्राहकों से पहले इंटरनेट मीडिया और मोबाइल एप के जरिए संपर्क करता, फिर तय लोकेशन पर या पार्टी स्थल के आसपास ड्रग डिलीवर करता था।

### खारुन नदी के ...

निकालने में नाव का भी इस्तेमाल किया जा रहा था।

शिकायत पर की गई कार्रवाई-सातपाखर डेम के पास खारुन नदी तट पर चल रहा रेत उत्खनन का कार्य लंबे समय से चल रहा था। रेत माफिया के लोग नदी से रेत निकालकर तट के पास भंडारण कर उसे ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन करा रहे थे। इसकी शिकायत रायपुर खनिज विभाग कार्यालय में की गई। इस शिकायत के आधार पर रायपुर खनिज अधिकारी ने इसकी जानकारी दुर्ग खनिज विभाग को दी। इसके बाद दोनों जिलों के विभाग ने संयुक्त टीम बनाकर इस तट पर दबिश दी।

### नवोदय और केंद्रीय ...

जनवरी 2026 में दो दिनों में आयोजित की जाएगी। 10 जनवरी 2026 को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक प्राइमरी टीचर, जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट और लैब अटेंडेंट पदों की परीक्षा होगी। इसी दिन दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय कैडर के तहत मल्टी-टास्किंग स्टाफ पदों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### दो दिन पूर्व जारी होगा...

पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें। रिक्त पद, परीक्षा संबंधित शर्तों सहित अन्य जानकारी बोर्ड ने पहले ही अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी थी।

### रजिस्ट्रेशन नंबर का...

असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट और स्टेनोग्राफर ग्रेड-I व II पदों की परीक्षा ली जाएगी। सीबीएसई के मुताबिक, जिन उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक आवेदन किया है, उन्हें परीक्षा शहर पहले ही आवंटित किया जा चुका है। अभ्यर्थियों को लॉग-इन के लिए उस रजिस्ट्रेशन नंबर का उपयोग करना होगा, जिसकी शुरुआत 2598 से होती है। आवेदन संख्या से लॉग-इन मान्य नहीं होगा।


**।। आम सूचना ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अधोहस्ताक्षरकर्ती अधिवक्ता अपने पक्षकार श्रीमती महिमा गोधवानी उम्र 39 वर्ष पति श्री दीपक कुमार गोधवानी निवासी कन्या शाला के पीछे नेवरा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. आधार क्रमांकः- 4198 0335 8112 से अधिकृत होकर सूचित करती हूँ कि मेरे पक्षकार का परिवर्तित भूमि ग्राम घुलघुल प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित हैं जिसका खसरा क्रमांक 443/19, 443/16 का रकबा 0.0840, 0.3400 हेक्टेयर भूमि का कुल खसरा क्रमांक 02 का कुल रकबा 0.424 हेक्टेयर भूमि को क्रेतागण 1. गुलशन वाधवा उम्र 40 वर्ष आ. क्रः- 5644 6290 9786, 2. गौरव वाधवा उम्र 35 वर्ष आ.क्र.- 700642578617 दोनों पिता श्री विद्या नन्द वाधवा निवासी सेतपाल नगर दुर्गा मंदिर के पास, झुलेलाल वार्ड तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. के पास विक्रय करना चाहती हैं तथा उक्त भूमि किसी भी बैंक, निकाय संस्था में किसी प्रकार का कोई बंधक नहीं हैं अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति हो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से पन्द्रह दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर आपत्ति / उजर कर सकते हैं बाद- म्याद उजर आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

स्थानः- तिल्दा
दिनांकः- 26/12/2025

भवदीय
नीतू पैकरा अधिवक्ता
तहसील कार्यालय तिल्दा जिला रायपुर छ.ग., निवास पताः- वार्ड क्रमांक 22 तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग.
मोबाईल नंबरः- 8236066003

**।। आम सूचना ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अधोहस्ताक्षरकर्ती अधिवक्ता अपने पक्षकार श्रीमती अंजु गोधवानी उम्र 36 वर्ष पति श्री भरत कुमार गोधवानी निवासी कन्या शाला के पीछे नेवरा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. आधार क्रमांकः- 9142 2381 3983 से अधिकृत होकर सूचित करती हूँ कि मेरे पक्षकार का परिवर्तित भूमि जो ग्राम घुलघुल प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित हैं जिसका खसरा क्रमांक 443/15 का रकबा 0.1860 हेक्टेयर भूमि का कुल खसरा क्रमांक 01 का कुल रकबा 0.1860 हेक्टेयर भूमि को क्रेतागण 1. गुलशन वाधवा उम्र 40 वर्ष आ. क्रः- 5644 6290 9786, 2. गौरव वाधवा उम्र 35 वर्ष आ.क्रः -70064257 8617 दोनों पिता श्री विद्या नन्द वाधवा निवासी सेतपाल नगर दुर्गा मंदिर के पास, झुलेलाल वार्ड तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. के पास विक्रय करना चाहती हैं तथा उक्त भूमि किसी भी बैंक, निकाय संस्था में किसी प्रकार का कोई बंधक नहीं हैं अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति हो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से पन्द्रह दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर आपत्ति/उजर कर सकते हैं बाद- म्याद उजर आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

स्थानः- तिल्दा
दिनांकः- 26/12/2025

भवदीय
नीतू पैकरा अधिवक्ता
तहसील कार्यालय तिल्दा जिला रायपुर छ.ग., निवास पताः- वार्ड क्रमांक 22 तिल्दा पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग.
मोबाईल नंबरः- 8236066003

# भाजयुमो में रायपुर शहर सहित एक दर्जन जिला अध्यक्षों के नामों पर पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही भाजपा के 36 संगठन जिलों में से 23 जिलों में अध्यक्षों का ऐलान हो गया है, लेकिन रायपुर शहर के साथ ही 13 जिलों में अध्यक्ष अब तक तय नहीं हो सके हैं। यहां पर भाजपा के जिलाध्यक्षों के साथ जिलों के भाजपा नेताओं के बीच एक नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। इधर भाजयुमो के अध्यक्ष राहुल टिकरिया का कहना है कि करीब आधा दर्जन जिलाध्यक्षों के नाम लगभग फाइनल हो गए हैं। भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय के बंगाल से लौटने के बाद इनके नामों का ऐलान हो जाएगा। बाकी जिलों के अध्यक्षों के नामों पर सहमति बनाने का प्रयास चल रहा है।

भाजपा के प्रदेश संगठन के निर्देश पर सभी सभी मोर्चा अपनी कार्यकारिणी का लगातार ऐलान कर रहे हैं। भाजयुमो की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों का भी ऐलान किया जा रहा है। इसके पहले प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया जाता था, इसके बाद जिला अध्यक्षों के नाम घोषित किए जाते थे। इस बार प्रदेश संगठन ने प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों का भी ऐलान सभी मोर्चा को एक साथ करने के निर्देश दिए हैं।

### इन जिलों में पेंच

भाजयुमो ने अपने 36 संगठन जिलों में से 23 जिलों में तो अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है लेकिन रायपुर शहर सहित 13 जिले बचे हैं। रायपुर शहर के बारे में बताया जा रहा है कि रायपुर के भाजपा नेताओं के बीच एक नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। एक नेता की पसंद कोई है तो एक नेता की पसंद कोई है। एक पसंद के बारे में तो यह भी बताया जा रहा है कि उनकी उम्र ज्यादा है। लेकिन एक नेता इनको ही अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं, लेकिन ओवरएज को रखने पर भाजयुमो सहमत नहीं है। वैसे अंडरएज वाले दावेदारों की भी कमी नहीं है। अन्य जिलों में भी एक नाम पर सहमति नहीं हो रही है। कहीं पर उम्र का पेंच है तो कहीं पर नेताओं की सहमति न होने का पेंच हैं। जिलाध्यक्षों के लिए 33 साल की उम्र सीमा तय है। जिन जिलों में पेंच फंसा है, उनमें राजनांदगांव, कवर्धा, धमतरी, महासमुंद, कोरबा, जगदलपुर, नारायणपुर, खैरागढ़, बेमेतरा, जशपुर, मरवाही शामिल हैं।

### आधा दर्जन का मामला सुलझने का दावा, जल्द नियुक्ति भी होगी



#### जल्द करेंगे ऐलान

एक नाम पर सहमति न होने के कारण 13 जिले बचे हैं। 5 से 6 जिलों में नामों पर लगभग सहमति हो गई है। संगठन महामंत्री के बाहर से लौटते ही इन जिलों के अध्यक्षों का नाम घोषित कर दिया जाएगा। बाकी जिलों में भी एक नाम पर सहमति करवाने का प्रयास चल रहा है।

**- राहुल टिकरिया**, अध्यक्ष, भाजयुमो

## खबर संक्षेप

### ज्यूडिशियल असिस्टेंट के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अंतर्गत जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट एवं जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कम्प्यूटर) पदों के लिए आयोजित होने वाली लिखित भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र व्यापम द्वारा जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा 4 जनवरी को निर्धारित केंद्रों में आयोजित होगी। 2026 में यह व्यापम की पहली परीक्षा होगी। परीक्षा संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

### दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 'वृत्तांत' आज से

**रायपुर।** महंत घासीदास मेमोरियल म्यूजियम स्थित आर्ट गैलरी में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी आज से प्रारंभ हो रही है। युवा छायाचित्रकार वृतांत गर्ग द्वारा इस प्रदर्शनी में अपनी तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी। शनिवार दोपहर 1 बजे से रात 8 बजे तक तथा रविवार को सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक आमजनों के निरीक्षण के लिए यह प्रदर्शनी खुली रहेगी।

## निधन

### नरेश गंगवानी



**रायपुर।** गायत्री नगर निवासी नरेश गंगवानी (56) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शंकर गंगवानी के भाई एवं कुनाल गंगवानी के पिता थे।

### गंगाप्रसाद कठेरिया



**रायपुर।** शंकर नगर निवासी गंगाप्रसाद कठेरिया का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया।

### मांगीलाल टावरी



**रायपुर।** वॉलफोर्ट एनक्लेव-2, पचपेड़ी नाका निवासी समाजसेवी मांगीलाल टावरी (66) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राधेश्याम टावरी के बड़े भाई, सीए पंकज टावरी, अतुल टावरी एवं अंकिता के पिता थे।

### बुंदेलिया बाई दुबे



**रायपुर।** बुंदेलिया बाई दुबे (बेमेतरा ग्राम- कठिया वाले) का निधन हो गया। वे स्व. रामानुज दुबे की धर्मपत्नी एवं पत्रकार दिनेश शर्मा की माता तथा सौरभ शर्मा, शुभम शर्मा की दादी थीं।

### बैम्बू कॉटेज भी धूल से पटे, लोगों ने बैठना छोड़ा

# कलेक्टोरेट परिसर में ही स्वच्छता का अभाव, जगह-जगह गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर को स्वच्छता की रैंकिंग में कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, लेकिन जिला प्रशासन का मुख्य भवन कलेक्टोरेट परिसर में ही स्वच्छता का अभाव बना हुआ है। कलेक्टोरेट परिसर में जहां जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है, वहीं आम लोगों के बैठने के लिए बांस से बनाए गए बैम्बू कॉटेज भी धूल से पट चुके हैं, जिसके कारण इन बैम्बू कॉटेज में लोगों ने बैठना ही छोड़ दिया है।

कलेक्टोरेट परिसर में जिला पंचायत रायपुर और रजिस्ट्री कार्यालय के सामने लगभग आधा दर्जन बांस के बैम्बू कॉटेज बनाए गए हैं। ये कॉटेज लोगों के बैठने की सुविधा देने के उद्देश्य से बनाए गए हैं, ताकि गर्मी के दिनों में धूप और बरसात के सीजन में बारिश से लोगों को बचाया जा सके। कलेक्टोरेट में पंजीयन विभाग, लोक सेवा केंद्र सहित ऐसे कई विभाग हैं, जहां लोगों को अपना काम पूरा करने में कई घंटे कलेक्टोरेट परिसर में रुकना पड़ता है। ये लोग भी थकने के बाद इन बैम्बू कॉटेज में बैठकर आराम करते हैं। इन कॉटेज का निर्माण होने के बाद हर दिन दिनभर में औसतन एक हजार से अधिक लोग इन कॉटेजों में बैठा करते थे, लेकिन सफाई के अभाव में अब इन कॉटेजों में गंदगी के साथ धूल की परत जम गई है। इसके कारण इन कॉटेजों में लोगों ने बैठना ही बंद कर दिया है। कुछेक लोग बैठ भी रहे हैं, तो कॉटेज के चबूतरे पर जमी मिट्टी को खुद से साफ करना पड़ रहा है।





### बनने के बाद कभी सफाई नहीं हुई

लोगों की सुविधा के लिए ये कॉटेज बनाए तो गए हैं, लेकिन इनकी सफाई एवं रखरखाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अभाव में कॉटेज के चबूतरों पर धूल जम चुकी है, वहीं कॉटेज के अंदर और बाहर गंदगी पसरी हुई है। यही नहीं, रखरखाव के अभाव में कुछ कॉटेज के बांस भी टूट चुके हैं।

### गर्मी में राहत देते हैं बैम्बू कॉटेज

बैम्बू कॉटेज की डिमांड अब ज्यादा है, क्योंकि गर्मी के दिनों में लोहा, सीमेंट तथा कंस्ट्रक्शन से बने कॉटेज की तुलना में लोगों को ये ज्यादा राहत पहुंचाते हैं। इसे देखते हुए ही प्रशासन ने इन कॉटेजों का निर्माण कराया था, जो अब धूल खा रहे हैं।

### बस्तर के कारीगरों ने बनाया कॉटेज

इन बैंबू कॉटेज को बनाने के लिए बस्तर के कारीगरों को बुलाया गया था। इन कारीगरों ने करीब 8 से 10 दिन की मेहनत कर इन कॉटेजों का निर्माण किया था। एक कॉटेज को करीब 400 बांस से बनाया गया है। इस तरह आधा दर्जन कॉटेज बनाने में दो हजार से अधिक बांस लगाए गए थे। बांस के अलावा कुछ कॉटेज में बैठने के लिए ग्रेनाइड का भी इस्तेमाल हुआ है। इस तरह सभी कॉटेज आकर्षक बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए हैं।

# खुला दूध व्यवसायियों की चेतावनी के बाद डेयरी कंपनी ने मांगी सार्वजनिक रूप से माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खुला दूध का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों की चेतावनी के एक दिन के बाद ही डेयरी कंपनी से जुड़े दूध डेयरी के मैनेजरों ने खुला दूध बेचने वाले व्यवसायियों (छोटे किसानों से) सार्वजनिक रूप से मांफी मांग ली है। इस माफी के बाद सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ ने भी डेयरी कंपनी के खिलाफ की गई कार्रवाई की मांग और आंदोलन करने की घोषणा को वापस ले लिया।

**भाटापारा में प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में डेयरी के मैनेजरों ने मांगी माफी :** जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बताया कि सर्व यादव समाज ने रायपुर, भाटापारा-बलौदाबाजार सहित कई जिलों में डेयरी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था कि डेयरी कंपनी ने अपने दूध की बिक्री बढ़ाने के लिए खुला दूध के व्यवसाय के खिलाफ दुष्प्रचार करने के लिए पाम्पलेट छपवाकर बंटवाए जा रहे हैं। इस पाम्पलेट के माध्यम से खुला दूध को स्वास्थ्य के लिए हानिकारण बताया जा रहा था। यादव समाज ने इसे लेकर कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोला और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी, साथ ही दो दिन में कंपनी प्रबंधक द्वारा सार्वनजिक रूप से माफी नहीं मांगने पर उनके खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी के बाद कंपनी ने दूसरे दिन ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है।

### नकली पनीर को बंद कराना था मकसद

दूध डेयरी के तीन मैनेजर मिश्रा, कश्यप एवं द्रोन ने गुरुवार शाम को भाटापारा में दूध का व्यवसाय करने वाले सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु सहित अन्य समाज के लोगों के साथ बैठक की और सार्वजनिक रूप से खुला दूध के दुष्प्रचार संबंधी पाम्पलेट वितरण के लिए माफी मांगी। इस दौरान मैनेजर ने यह भी कहा कि पाम्पलेट छपवाने के पीछे मुख्य मकसद नकली पनीर की बिक्री बंद कराना है, लेकिन गलती से पाम्पलेट में खुला दूध का उल्लेख हो गया है।

### अंबिकापुर में पारा 4 डिग्री

# 24 घंटे बाद उत्तर छग में बढ़ेगा अधिकतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के अंबिकापुर सहित कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे चला गया है, लेकिन प्रदेश के उत्तरी भाग में 24 घंटे बाद कंपकंपाती ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। उत्तर छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले 4 दिनों तक 1-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अर्थात उत्तरी हिस्से में तापमान वृद्धि के बाद ठंड में थोड़ी कमी आएगी, लेकिन मध्य और दक्षिण छग में राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा। शुक्रवार को अंबिकापुर संभाग में एक-दो स्थानों पर शीत लहर चली। आज भी उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में एक-दो पॉकेट में शीत लहर चलने की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 28 डिग्री जगदलपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। शुक्रवार को भी वर्षा के आंकड़े निरंक रहे।

- मध्य और दक्षिण छग को 4 दिन बाद मिलेगी थोड़ी राहत

### रायपुर में छाया रहेगा धुंध

राजधानी रायपुर में धुंध छाए रहने की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान शुक्रवार को सामान्य से 0.8 डिग्री कम 27.2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक 13.6 डिग्री रहा। माना का अधिकतम शहर से अधिक 27.6 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान शहर से कम 10.4 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर-जगदलपुर का तापमान भी रायपुर के समकक्ष ही रहा। प्रदेश में कहीं भी तापमान 30 डिग्री से अधिक नहीं है।

# बगैर वैध दस्तावेज चोरी के जेवर गिरवी, बजाज फाइनेंस की महिला कर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बगैर वैध दस्तावेज चोरी के जेवर गिरवी रखने के आरोप में राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने बजाज फाइनेंस की एक महिला फायनेंसर कर्मी को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग सहित दो चोरों ने दो माह पूर्व एक सूने मकान में चोरी करने के बाद सोने तथा चांदी के जेवर फायनेंस कंपनी में गिरवी रख कर रकम हासिल की थी। फायनेंस कंपनी की महिला कर्मी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करा दिया है।

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना, दो माह पूर्व हुई थी चोरी की वारदात

पुलिस के अनुसार पंडरी, झंडा चौक निवासी सनोहर जहां को बगैर वैध दस्तावेज के चोरी के जेवर गिरवी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुरैना, परशुराम नगर निवासी सुशीला जाल ने 25 अक्टूबर को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि तबीयत खराब होने पर वह चार अक्टूबर को ओडिशा स्थित अपने गांव गई थी। गांव से वापस आने पर महिला ने देखा कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखी नकदी रकम तथा जेवर चोरी कर ले गया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने आशीष नेताम तथा उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर दोनों ने तेलीबांधा स्थित बजाज फायनेंस कंपनी में सनोहर जहां के पास जेवर गिरवी रखने की जानकारी दी। चोरों के कब्जे से प्राप्त गिरवी स्लिप के आधार पर पुलिस ने सनोहरा को गिरफ्तार किया है।



# आरकेसी ने 14 साल से संपत्ति कर नहीं पटाया डिमांड बिल के बाद 1.64 करोड़ किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम का राजस्व विभाग अब बड़े बकायेदारों से भी संपत्ति कर वसूलने की कार्रवाई रहा है।

इस कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन-5 के राजस्व विभाग ने राजकुमार कॉलेज प्रबंधन को पिछले 14 वर्ष का संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर 1 करोड़ 64 लाख 77 हजार 568 रुपए का डिमांड बिल के रूप में नोटिस भेजा था। इस डिमांड बिल के आधार पर कॉलेज प्रबंधन ने निगम को चेक के माध्यम से तत्काल पूरी राशि का भुगतान कर दिया।

जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने बताया कि वार्ड क्रमांक-39 अंतर्गत संचालित राजकुमार कॉलेज ने वर्ष 2012-13 से लेकर वर्ष 2025-26 तक का संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया था। इस अवधि के दौरान पूर्व में कॉलेज प्रबंधन को डिमांड बिल भेजे गए थे, लेकिन किसी कारण से कॉलेज प्रबंधन ने संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया था। इसकी जानकारी होने पर निगम आयुक्त विश्वदीप की पहल पर कॉलेज प्रबंधन से बकाया राशि के डिमांड बिल को लेकर चर्चा की। इस चर्चा के बाद कॉलेज प्रबंधन ने स्वयं से बकाया राशि का चेक बनाकर राजस्व टीम को सौंपा।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्र में ऐसे कई बड़े बकायेदारों की सूची नगर निगम ने बनाई है। इस सूची के अनुसार इन बड़े बकायेदारों से चर्चा कर उन्हें डिमांड बिल भी भेजकर बकाया राशि का भुगतान करने कहा जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि राजकुमार कॉलेज के बाद कई और बड़े बकायेदार जल्द ही बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं।



## पेज 11 के शेष

### गैंगस्टरों ने छत्तीसगढ़ के ...

लिहाज से कोड निर्धारित किए थे। कोड के बारे में मयंक सिंह ने पुलिस को बताया है कि जिस राज्य के कारोबारियों से वे रंगदारी वसूलते थे, उस राज्य के लिए वे कोडवर्ड निर्धारित करते थे। मयंक ने पुलिस को कोडवर्ड के बारे में बताया है कि किसी साथी के पकड़े जाने पर या उसके पीछे पुलिस लग जाती थी, ऐसी स्थिति में ग्रुप का एक सदस्य ग्रुप में उस कोडवर्ड से मैसेज कर देते थे। इससे उन्हें जानकारी मिल जाती थी कि उनका कोई सदस्य पकड़ा गया है या फिर पुलिस पीछे लगी हुई है। इसके बाद ग्रुप डिलीट कर मैसेज भेजने वाले को छोड़ शेष बचे सदस्यों को दूसरे ग्रुप में शिफ्ट कर देते थे।

### ड्रग के साथ पुलिस ने फिर...

पुलिस ने नरैया तालाब के पास गिरफ्तार किया है। ड्रग के साथ पकड़ा गया युवक नागपुर से जुड़े तस्करों से सीधे संपर्क में था। अब्दुल ड्रग सिंडिकेट के साथ जुड़कर तीन साल से काम कर रहा था। पूछताछ में अब्दुल ने पुलिस को बताया है कि वह न्यू ईयर के दौरान होने वाली हाई-प्रोफाइल पार्टियों, विशेषकर शहर से बाहर के फार्म हाउस, रिजार्ट्स और प्राइवेट क्लबों को निशाना बनाकर ड्रग की डिलीवरी करने सिंडिकेट से जुड़े लोगों से संपर्क करने आया था। अब्दुल अपने ग्राहकों से पहले इंटरनेट मीडिया और मोबाइल एप के जरिए संपर्क करता, फिर तय लोकेशन पर या पार्टी स्थल के आसपास ड्रग डिलीवर करता था।

**राहुल का करीबी है :** पिछले दिनों कोतवाली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद पकड़ा गया राहुल ठाकुर जिसके पास से पुलिस ने ड्रग बरामद किया था, वह और अब्दुल पूर्व से परिचित हैं। राहुल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब्दुल की पतासाजी करने में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को अब्दुल के रायपुर आने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने अब्दुल को घेराबंदी कर पकड़ा।

### खारुन नदी के तट पर चल...

निकालने में नाव का भी इस्तेमाल किया जा रहा था।

**शिकायत पर की गई कार्रवाई :** सातपाखर डेम के पास खारुन नदी तट पर चल रहा रेत उत्खनन का कार्य लंबे समय से चल रहा था। रेत माफिया के लोग नदी से रेत निकालकर तट के पास भंडारण कर उसे ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन करा रहे थे। इसकी शिकायत रायपुर खनिज विभाग कार्यालय में की गई। इस शिकायत के आधार पर रायपुर खनिज अधिकारी ने इसकी जानकारी दुर्ग खनिज विभाग को दी। इसके बाद दोनों जिलों के विभाग ने संयुक्त टीम बनाकर इस तट पर दबिश दी।

### नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों...

जनवरी 2026 में दो दिनों में आयोजित की जाएगी। 10 जनवरी 2026 को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक प्राइमरी टीचर, जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट और लैब अटेंडेंट पदों की परीक्षा होगी। इसी दिन दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय कैडर के तहत मल्टी-टास्किंग स्टाफ पदों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### दो दिन पूर्व जारी होगा...

पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें। रिक्त पद, परीक्षा संबंधित शर्तों सहित अन्य जानकारी बोर्ड ने पहले ही अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी थी।

### रजिस्ट्रेशन नंबर का...

असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट और स्टेनोग्राफर ग्रेड-I व II पदों की परीक्षा ली जाएगी। सीबीएसई के मुताबिक, जिन उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक आवेदन किया है, उन्हें परीक्षा शहर पहले ही आवंटित किया जा चुका है। अभ्यर्थियों को लॉग-इन के लिए उस रजिस्ट्रेशन नंबर का उपयोग करना होगा, जिसकी शुरुआत 2598 से होती है। आवेदन संख्या से लॉग-इन मान्य नहीं होगा।

### कानून व्यवस्था फेल, जनता भय में जीने को मजबूर – कांग्रेस

# कांग्रेस का आरोप- भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ती अराजकता एवं सर्व समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद के दौरान मैग्नेटो मॉल में हुई तोड़फोड़ ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। राजधानी रायपुर तक सुरक्षित नहीं है। घटना से रायपुर शहर की बदनामी पूरे देश में हुई है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की लापरवाही है। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उनहोंने कहा, यदि दोषियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी। ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, प्रदेश के गांव और शहर दोनों ही जगह आम जनता भय के माहौल में जी रही है। कानून का राज समाप्त हो चुका है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, राजधानी में इस तरह की घटनाएं सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं।




### प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, मॉल जैसी सार्वजनिक जगहों पर तोड़फोड़ होना यह दर्शाता है कि सरकार का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, रायपुर शहर शांति और सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन भाजपा सरकार ने शहर की पहचान को नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश महामंत्री पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में महिला, युवा, व्यापारी और आम नागरिक सभी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करेगी।

# नियामक आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी नए टैरिफ की सुनवाई नहीं होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष का पद 19 सितंबर से खाली है। अब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। इधर नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को याचिका दायर करने वाली है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या नए टैरिफ की जनसुनवाई और इस पर फैसला प्रभावित होगा। इस संबंध में आयोग के सचिव एसपी शुक्ला का कहना है कि अध्यक्ष न होने से फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्य हैं। ऐसे में जनसुनवाई भी समय पर होगी और नए टैरिफ पर फैसला हो जाएगा। इस समय भी आयोग में लगातार अलग-अलग मामलों में सुनवाई भी हो रही है। नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर माह में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। इस बार अब तक याचिका नहीं लग सकी है। बिजली नियामक आयोग के अधिकारियों के मुताबिक पॉवर कंपनी ने 31 दिसंबर तक का समय मांगा है। इस दिन तक याचिका दायर हो जाएगी। याचिका दायर होने के बाद इस पर आमतौर पर फरवरी में सुनवाई होती है। पिछली बार आयोग में याचिका पर एक बार सुनवाई होने के बाद दूसरी बार इसलिए सुनवाई करनी पड़ी थी, क्योंकि तब आयोग में दो सदस्य नहीं थे। इस समय आयोग में अध्यक्ष नहीं हैं।

इसके बाद भी सुनवाई और कोई फैसला इसलिए प्रभावित नहीं होगा, क्योंकि अब आयोग में नियम बदल गया है। इस समय आयोग में दो सदस्य हैं, अगर अब आयोग में एक सदस्य भी होगा तो भी किसी भी तरह की सुनवाई प्रभावित नहीं होगी। इस समय तकनीकी सदस्य के रूप में अजय सिंह और विधिक सदस्य के रूप में विवेक गनोदवाले हैं। इनके रहते आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है और फैसले भी हो रहे हैं।

### याचिका लगने के बाद होगी जनसुनवाई

पॉवर कंपनी नए सत्र 2026-27 के नए टैरिफ के लिए तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी तरफ से यह नहीं बताती है कि टैरिफ में कितने फीसदी का इजाफा करना है। पॉवर कंपनी अपने लेखा-जोखा में बताती है कि उसे कितने यूनिट बिजली बिकने का अनुमान है और इससे कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पॉवर कंपनी अपना खर्च बताते हुए यह बताती है कि उसे कितने का फायदा होगा। अगर कंपनी का पुराना घाटा रहता है तो उसे बताया जाता है। आमतौर पर कंपनी का पुराना घाटा ही फायदे से ज्यादा रहता है। ऐसे में पुराने घाटे के कारण ही ज्यादा राजस्व की जरूरत होने के बिजली ही कीमत में इजाफा होता है। वैसे कभी भी आयोग पॉवर कंपनी के बताए लेखा-जोखा को पूरी तरह से मान्य नहीं करता है। कंपनी के बताए लेखा-जोखा की पूरी समीक्षा करने के बाद आयोग तय करता है कि वास्तव में क्या स्थिति बन रही है। इसके पहले जनसुनवाई की जाती है। याचिका लगने के बाद आयोग जनसुनवाई की तिथि तय करेगा।

### सितंबर से खाली है अध्यक्ष का पद, दो सदस्य होने के कारण परेशानी नहीं



## खबर संक्षेप

### गुढ़ियारी में 6 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा



रायपुर। सुविख्यात संत चिन्मयानंद बापू महाराजश्री के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा रायपुर द्वारा 6 जनवरी से 13 जनवरी तक अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में संध्या 4 बजे से आयोजित है। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी नितिन कुमार झा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि श्रीमद भागवत कथा के सुचारू संचालन के लिए केंद्रीय समिति की आवश्यक बैठक श्री हनुमान मंदिर गुढ़ियारी के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें भव्य आयोजन समिति बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, मनोज तिवारी, सुनील खेमका, प्रकाश महेश्वरी, शैलेन्द्र दुगगड़, संजय मित्तल, चंद्रचूड़ त्रिपाठी, आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा, शैलेंद्र तिवारी, नीरज पाण्डेय, उमेश शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, शंकर जोशी, राजेश जैन, उत्तम पाण्डेय आदि उपस्थित थे। रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 3 बजे वृहद बैठक हनुमान मंदिर सभाकक्ष गुढ़ियारी में रखी गई है।

### निगम के नेता प्रतिपक्ष को वार्ड की समस्याओं से कराया अवगत



रायपुर। चंगोराभाठा स्थित भक्त माता कर्मा वार्ड-67 के रहवासी 30 से 40 परिवारों की महिलाएं अपनी लिखित शिकायत, आवेदन लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मुलाकात करने पहुंचीं, जहां सभी महिलाओं ने बताया कि उनके वार्ड में श्री रामनगर में विगत कई वर्षों से एक डेयरी का संचालन हो रहा है, जिसका गोबर रोड और नाली में बहा दिया जाता है। आवारा पशुओं को खुला रोड पर छोड़ दिया जाता है, जिससे सड़कों पर गंदगी फैलती रहती है। इससे सड़कों पर कीचड़ हो जाती है और सफाई न होने के कारण नालियां जाम हैं। महिलाओं के मांगों को लेकर पायल सन्नू गोस्वामी, सीमा देवांगन, विद्या साहू, जमुना नाग, सुनीता पटेल, पूजा सोनी, कुमुद देवांगन, लक्ष्मी साहू, मीना साहू, उषा साहू समेत अन्य यहां पहुंची थीं।

## राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# स्टेनो, डाटा एंट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर, टायपिस्ट सहायक ग्रेड 3 के लिए अब नई शैक्षणिक योग्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने शीघ्र लेखक (स्टेनो) डाटा एंट्री, कंप्यूटर आपरेटर, स्टेनों टायपिस्ट, सहायक ग्रेड 3,वाहन चालक, भृत्य एवं चौकीदार के पदों के लिए नई अर्हता निर्धारित की है। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा ने आदेश जारी किया है।

इसके साथ ही ये भी साफ किया है कि इस परिपत्र के जारी होने के बाद शासन के समस्त विभागों के भर्ती नियमों में भी संशोधन की आवश्यकता होगी। इसलिए जब तक प्रशासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने भर्ती नियमों में संशोधन की कार्यवाही पूरी नहीं कर ली जाती, तब तक समस्त विभागों के भर्ती नियम स्वमेव संशोधित माने जायेंगे तथा आगामी जारी होने वाले विज्ञापनों में उक्त निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ही भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अब ये होगी

*शीघ्रलेखक (स्टेनो) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था या शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से होनी चाहिए। ) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिए- हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के लिए- अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ती जाएगी)। द्विभाषी- शीघ्रलेखक के लिए हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एंट्री की गति 10,000 की ( की) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।*

### स्टेनो टायपिस्ट

मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर,प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा,प्रमाण पत्र। मान्यता प्राप्त मण्डल,संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से। हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (की) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति (गति के संबंध में कौमाल परीक्षा ती जाएगी) का प्रमाणपत्र।



### वाहन चालक

*किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध स्थायी वाहन चालन का लाईसेंस होना चाहिए। भृत्य चौकीदार के लिए किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरुरी होगा।*

### सहायक ग्रेड-3

मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र। कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 (की) की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। मान्यता प्राप्त मण्डल,संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (की) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी। का प्रमाण पत्र देना होगा।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर कम्प्यूटर ऑपरेटर

(मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा। ) डाटा एन्ट्री आपरेटर,प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा। मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8,000 की (की) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।

### दो साल पहले तक ये थी अर्हता

#### डाटा एन्ट्री आपरेटर

*मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8000 की (**Key**) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।*

#### स्टेनोटायपिस्ट

*मान्यता प्राप्त मंडल,संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीधलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (की) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।*

#### सहायक ग्रेड 3

*मान्यता प्राप्त मंडल,संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुदलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (की) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र देना होगा।*

# साव और मूणत को सद्बुद्धि दे भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जब विधानसभा में पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने स्वयं जवाब दिया कि फूड कोर्ट अवैध नहीं है तो तोड़ने का आदेश किसके दबाव में दिया? ताकत और रसूख के अहंकार में व्यावसायियों के सपनों को, उनके बच्चों के भविष्य को कुचला गया।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत साइंस कॉलेज से लगे यूथ हब फूड कोर्ट को तोड़े जाने की घटना को सत्ता के अहंकार और रसूख के नशे में लिया गया फैसला करार देते हुए आज जनता के पैसों को लगातार बर्बाद करने वाले भाजपा सरकार और उनके मंत्री, विधायक को सद्बुद्धि दे भगवान कार्यक्रम रखा। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा में अरुण सावजी ने बयान दे दिया कि फूड कोर्ट अवैध नहीं था तो फिर इसे तोड़ने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्यों मूक दर्शक होकर तमाशा देखते रहे। मंत्री अरुण साव और वर्तमान रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अपनी ताकत और राजनीतिक प्रभाव दिखाने के लिए एक वैध और जनहितकारी निर्माण को बुलडोजर के हवाले कर दिया, जो सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसों की खुली बर्बादी है।

**जांच के बाद कार्रवाई हो, मिले मुआवजा :** उन्होंने मांग की कि साइंस कॉलेज यूथ हब फूड कोर्ट को तोड़े जाने की घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और प्रभावित दुकानदारों व युवाओं को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। शासन को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई अरुण साव, राजेश मूणत से कराई जाए। साथ ही छात्रों की सुविधा और युवाओं के रोजगार को ध्यान में रखते हुए फूड कोर्ट की पुनर्स्थापना या वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र की जाए।

# पुलिस कार्रवाई के तरीके का मुस्लिम समाज ने किया विरोध, शांतिपूर्ण धरना देकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 23 दिसंबर को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तरीके का पुरजोर विरोध शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा किया गया। सीरतुन्नबी कमेटी के आह्वान पर मुस्लिम समाज द्वारा एक विशाल और आक्रोश जताने के लिए धरना प्रदर्शन नलघर मार्ग स्थित राजीव गांधी चौक पर किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। एक स्वर में पुलिस की कार्रवाई के तरीके पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुलिस की वैधानिक जिम्मेदारियों से नहीं, बल्कि उसके अमानवीय और भय उत्पन्न करने वाले तौर-तरीकों से आपत्ति है।

- राजीव गांधी चौक पर जुटे समाज के लोग, कार्रवाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

धरना प्रदर्शन के लिए लगाए गए पंडाल में दोपहर दो बजे से पहले ही लोग भारी तादाद में पहुंचे। इनके बीच वक्ताओं ने बताया कि 23 दिसंबर की सुबह लगभग 4 बजे बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या स्पष्ट कारण बताए, पुलिस द्वारा मुस्लिम समाज के सम्मानित पुरुषों, महिलाओं और विशेष रूप से बुजुर्गों को उनके घरों से उठाकर पुलिस थानों में ले जाया गया। ठंड में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और महिलाओं को पुलिस वाहनों में किसी गंभीर अपराध में पकड़े गए आरोपी की तरह बैठाकर ले जाया गया। लगभग 150 से अधिक लोगों को



इसी प्रक्रिया से गुज़रना पड़ा। बाद में केवल दस्तावेज़ सत्यापन के बाद उन्हें वापस भेज दिया। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल सेठी, नौमान अकरम हामिद, अलीम रज़ा, राहिल रउफी, रफीक गौटिया, मोहम्मद आमिर, सैयद सूफ़ी ओवैस, फैसल रिज़वी ने अपनी बात रखी।

### मुस्लिम समाज करता है कानून का सम्मान

आगे भी प्रशासन के साथ समाज सहयोग करता रहेगा, लेकिन बिना सूचना, बिना प्रक्रिया और डर पैदा करने वाले तरीकों से की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। वर्दी सुरक्षा नहीं, बल्कि भय- तानाशाह की पहचान बनती जा रही है यह चिंताजनक है। वक्ताओं ने कहा कि ऐसा लगता है मानो महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और न्याय पालिका के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की गई। "भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, सुप्रीम कोर्ट व उच्च न्यायालयों की स्पष्ट गाइडलाइंस हैं कि महिलाओं और बुजुर्गों को रात में या बिना ठोस आधार के हिरासत में नहीं लिया जा सकता। इस प्रकरण में प्रथम दृष्टया संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच की मांग हम करते हैं।

# साइंस कॉलेज की चौपाटी हटने के बाद अब तक बसी नहीं, धूल खा रही दुकानें, वेंडर भी परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान से हटाई गई चौपाटी अब तक बस नहीं पाई है। यहां से हटाकर दुकानों को जिस ओवरब्रिज के पास शिफ्ट किया है, उनमें से एक भी दुकान खुल नहीं पाई है। स्थिति यह है कि इन दुकानों में अब धूल की परत जमने लगी है।

इधर जिस जगह पर चौपाटी को शिफ्ट किया गया है, वह जमीन रेलवे की है, इसलिए इस जमीन पर न ही पीडब्ल्यूडी विभाग रोड का निर्माण कर पा रहा है और न ही इस जगह को साइंस कॉलेज चौपाटी की तरह आकर्षक बनाने कोई कार्य शुरू हो पाया है।

### पानी व्यवस्था के अलावा अन्य कोई कार्य नहीं

नगर निगम प्रशासन के चौपाटी को हटाने के बाद इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट किए करीब 22 दिन हो चुके हैं। इन 22 दिनों में नई जगह पर अब तक नगर निगम सिर्फ दुकानों के लिए पानी की व्यवस्था ही कर पाया है। इसके अलावा अब तक चौपाटी में कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



### कच्ची सड़क पर गाड़ियों के गुजरते ही उड़ते हैं धूल के गुबार

चौपाटी को जिस जगह पर शिफ्ट किया गया है, वहां की सड़क अभी भी कच्ची है। इस सड़क पर गाड़ी गुजरते ही धूल के गुबार उड़ने लगते हैं। कच्ची सड़क होने के कारण दिन-रात यहां यही स्थिति रहती है। ऐसे में अगर यहां चौपाटी खुल भी गई, तो धूल के कारण इस चौपाटी में लोग आना भी पसंद नहीं करेंगे।

### रेलवे की जमीन इसलिए सड़क का निर्माण भी अटका

जिस नई जगह पर चौपाटी शिफ्ट की गई है, उस चौपाटी से महज 82 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन है। रेलवे की जमीन होने के कारण इस जमीन पर बिना अनुमति के सड़क का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण के लिए रेलवे को प्रस्ताव भेजकर अनुमति मांगी है, जो अभी तक मिल नहीं पाई है। सूत्र से ऐसी भी खबर मिली है कि रेलवे ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है, क्योंकि चौपाटी को शिफ्ट करने से पूर्व रेलवे प्रशासन से इस संबंध में कोई बातचीत नहीं की गई थी। हालांकि चर्चा में यह भी है कि रेलवे, सुरक्षा के मद्देनजर अनुमति नहीं दे रहा है।

### साइंस कॉलेज चौपाटी की जगह नालंदा-2 लाइब्रेरी निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी

*इधर साइंस कॉलेज मैदान से चौपाटी हटने के बाद यहां नालंदा-2 हाईटेक लाइब्रेरी के निर्माण कार्य लिए नगरीय प्रशासन ने वर्कऑर्डर जारी कर दिया है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद निर्माण एजेंसी ने लाइब्रेरी निर्माण कार्य से पहले चौपाटी में लगाए गए कैनोपी और बिजली के खंभों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पीडब्ल्यूडी सूत्रों के अनुसार नालंदा का निर्माण कार्य का ठेका 20 करोड़ में दिया गया है, जिसे जुलाई 2027 तक पूर्ण किया जाना है।*

# गले में मौत का फंदा लिए एक सप्ताह से भटक रहा था नर तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में गुरुवार को रेस्क्यू किया गया तेंदुआ एक सप्ताह से अपने गले में मौत के फंदे के साथ जंगल में भटक रहा था। गले में लगे तार में कसावट आने पर तेंदुआ रहवासी क्षेत्र की ओर आया, तब लोगों के माध्यम से वन विभाग के अफसरों को तेंदुआ के घायल होने की सूचना मिली। इसके बाद तेंदुआ को रेस्क्यू कर जंगल सफारी लाया गया है। तेंदुआ की हालत में फिलहाल सुधार है। तेंदुआ के स्वस्थ्य होने के बाद उसे वापस उसके रहवास क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

वन परिक्षेत्र तौरेंगा के ग्राम कोकोड़ी में एक तेंदुआ बस्ती के बेहद करीब पहुंच गया। लोगों ने तेंदुआ की दहाड़ सुन इस बात की जानकारी वन विभाग के अफसरों को दी। उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के निर्देश पर सहायक संचालक उंदती (मैनपुर) गोपाल कश्यप ड्रोन तथा एंटी पोचिंग टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ड्रोन की मदद से जब तेंदुआ का वीडियो लिया गया, तो उसके गले पर गहरा घाव नजर आया। तेंदुआ गंभीर रूप से घायल पाया गया।

### जान की बाजी लगाकर रेस्क्यू करने पहुंचा

*तेंदुआ की स्थिति को देखते हुए रेस्क्यू करने जंगल सफारी प्रबंधन को ट्रैंक्यूलाइज गन तथा जरूरी दवाओं के साथ मैनपुर बुलाया गया। टीम के पहुंचते तक अंधेरा हो जाता। इस बात को ध्यान में रखते हुए गोपाल कश्यप ने तेंदुआ के रेस्क्यू के लिए जान की बाजी लगाते हुए रस्सी में जाल बांधकर तेंदुआ की तरफ छलांग लगाई। इस दौरान तेंदुआ ने वन अफसर पर हमला भी किया। इस दौरान वनकर्मियों ने तेंदुआ को किसी तरह काबू कर पिंजरे में कैद किया और आबादी से दूर तौरेंगा स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस लेकर आए।*

### घायल तेंदुआ को उपचार के लिए जंगल सफारी लेकर आए वनकर्मी


शिकार के लिए बिछाए जाल में फंसा तेंदुआ, तार में फंसने से लगा गले में गंभीर जख्म
एक माह में छठवीं घटना

### उपचार के बाद हालत सामान्य

तेंदुआ को रेस्क्यू करने के बाद डिप्टी डायरेक्टर सहित वन्यजीव चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और रात में ही तेंदुआ के उपचार में जुट गई। जंगल सफारी से गए वन्यजीव चिकित्सकों ने तेंदुआ को बेहोश कर उपचार शुरू किया और गले में फंसा तार निकाल कर ड्रेसिंग की। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए तेंदुआ को जंगल सफारी लेकर पहुंची। घायल नर तेंदुआ है और उसकी उम्र चार वर्ष के करीब है। शिकारियों के बारे में जानकारी देने वाले के लिए पांच तथा दस जार रुपए इनाम की घोषणा की गई है।

### शिकार की तलाश में पहुंचा था रहवासी क्षेत्र

गला में तार के साथ एक मोटा लकड़ी का खूंट तेंदुआ के गले में फंसा था। इसके चलते तेंदुआ शिकार को दौड़ा नहीं पा रहा था। बताया जा रहा है, तेंदुआ के गले में फंसे तार में कसावट आने की वजह से तेंदुआ का दम घुट रहा था। भूख के चलते तेंदुआ आसान शिकार की तलाश में रहवासी क्षेत्र पहुंच गया था।

### इस वजह से शिकार की घटनाएं बढ़ रहीं

*उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पिछले दिनों शिकार के दो अलग-अलग मामलों में वन विभाग की टीम ने 19 शिकारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भरमार बंदूक सहित शिकार के उपयोग में काम आने वाले अन्य औजार जब्त किया था। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों ने कानूनी दांव पेंच की मदद से कोर्ट में जमानत आवेदन पेश कर आसानी से जमानत पर रिहा हो गए। सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होने की वजह से शिकार की घटनाएं कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही हैं।*

### 78.21 लाख रुपए स्वीकृत

रायपुर। जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग के महानदी मुख्य नहर के 83.40 कि.मी. से 85.50 कि.मी. तक क्षतिग्रस्त नहर के लाईनिंग मरम्मत कार्य के लिए 78 लाख 21 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

फ्री चैकअप कैम्प
डायबिटीक फुट केयर
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज

डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं आर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

02

नए साल पर होटलों में 664 से 4999 रुपए...

## लाइव इवेंट

### अपने-अपने राम...संगीतमय रामकथा 29 को, डॉ. कुमार विश्वास होंगे कथावाचक



**रायपुर।** राजधानी में अपने-अपने राम संगीतमय रामकथा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 29 दिसंबर को एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में शाम 5 बजे से शुरू होगा। अपने-अपने राम संगीतमय रामकथा में कथावाचक देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास होंगे। रामकथा प्रेमियों को सुप्रसिद्ध कवि के श्रीमुख से श्रवण करने का अवसर मिलेगा। अपने-अपने राम संगीतमय रामकथा का आयोजन मनोज प्रजापति सेवा मित्र समूह रायपुर के द्वारा किया जा रहा है।

### बच्चों के समग्र विकास के लिए मेले में सजाए आकर्षक स्टाल्स

**रायपुर।** पुरानी बस्ती के पचपथ चौक, मंगल बाजार एवं बंधवारा-2 आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसीई मेले का आयोजन एकीकृत बाल विकास परियोजना की श्रृंखला में किया गया। इसके माध्यम से बच्चों द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। बच्चों के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए भाषा विकास, गणितीय समझ, रचनात्मकता, शारीरिक विकास, सामाजिक एवं संज्ञानात्मक क्षमता जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित आकर्षक स्टॉल्स सजाए गए, जो पालकों, जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर पालकों को सम्मानित भी किया गया। इसमें पार्षद अजय साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।



#### 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट की एक सराहनीय पहल

इससे आयोजन की शोभा और बढ़ गई। इसमें बच्चों एवं पालकों द्वारा भाषा विकास गतिविधियां, शारीरिक अभ्यास, गणितीय खेल तथा रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथियों ने कहा कि यह महिला एवं बाल विकास विभाग के 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट की एक सराहनीय पहल है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में बदलाव देखने को मिल रहा है। आयोजन में बच्चों को सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक बनाते हैं। इसमें परियोजना अधिकारी प्रीति प्रसाद के मार्गदर्शन में मेले का आयोजन किया गया। इसमें सेक्टर पर्यवेक्षक निखत बानो, सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, बच्चे और गढ़बो बचपन टीम का विशेष योगदान रहा।

सीएम निवास में वीर बाल दिवस समारोह, प्रदेश के चार जांबाज बच्चों का हौसला बढ़ाने दिया वीरता पुरस्कार

# शिकारी कुत्तों का किया सामना, हाथियों के झुंड से बचाई बहन की जान, प्लास्टिक चप्पल से टाला करंट का खतरा

'जीवन में कई बार ऐसे भी पल आते हैं, जब समस्या सामने देखकर बड़े-बड़ों का विवेक शुन्य हो जाता है। कुछ समझ में नहीं आता कि अचानक सामने खड़ी चुनौती का सामना कैसे किया जाए। ऐसे समय में कई बार बच्चों की हिम्मत काम आती है। विषम परिस्थियों का सामना करते हुए जान बचाने के लिए संघर्ष करने वाले प्रदेश के चार बच्चों का शुक्रवार की रात सीएम निवास में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में वीरता पुरस्कार दिया गया। इनमें शिकारी डॉग्स का सामना करने वाले ओंम ही नहीं बल्कि हाथियों के आतंक से डरे बिना छोटी बहन को बचाने वाली क्रांति और करंट की चपेट में आई बड़ी बहन को प्लास्टिक के चप्पल से बचाने वाली अंशिका की वीरता को सीएम विष्णु देव साय ने भी सराहा।'

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री निवास में आयोजित 'वीर बाल दिवस' के विशेष समारोह में प्रदेश के चार बहादुर बच्चों का सम्मान उनके अदम्य साहस के लिए किया गया। वीरता और सूझबूझ के लिए सीएम साय ने उन्हें सम्मानित किया। सिविल सोसायटी के इस आयोजन में बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की स्मृति में स्थापित वीरता पुरस्कार दिया गया। इनमें साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड, साहिबजादा जुझार सिंह अवॉर्ड, साहिबजादा जोरावर सिंह अवॉर्ड और साहिबजादा फतेह सिंह अवॉर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम साय ने साहिबजादों के बलिदान को याद किया। वीर बाल दिवस अगले वर्ष से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस के बारे में कक्षा तीसरी के किताबों में अध्याय जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने प्रदेश के विकास के लिए अपना विजन पेश किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सराहा। सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बताया कि सोसाइटी की पहल पर प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर 'वीर बाल दिवस' घोषित किया। समारोह में सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे, कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, डॉ. वर्तिका मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षाविद संजय जोशी आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।





#### साथियों को बचाने में मिली थी सफलता

भिलाई क्षेत्र में शिकारी डॉग्स ने एक दिन बच्चों पर हमला कर दिया। ओम उपाध्याय ने बताया कि जिनके साथ खेलता था, उन्हीं पर हमला होते देख खुद को रोक नहीं पाया। सुनाई नहीं देता, लेकिन सामने डॉग्स को देखकर भागने की बजाय उन्हें भगाने का प्रयास करने का अनुभव साझा करते हुए ओम ने बताया कि शिकारी डॉग्स ने लहूलुहान कर दिया था, लेकिन उनसे साथियों को बचाने का प्रयास किया और उसमें सफलता भी मिली। इसके चलते मुझे इलाज के दौर से गुजरना पड़ा, लेकिन साथियों को बचाने में सफल हो गया। सरगुजा से आई क्रांति ने बताया कि मोहनपुर सरगुजा क्षेत्र में आए दिन हाथियों का दल गांव में रहने वालों के लिए मुसीबत बनकर आते है। एक दिन सरगुजा के जंगलों से जब हाथियों का झुंड गांव में घुसा, तो भाग खड़े हुए। एक घर में तीन साल की मासूम अकेली रह गई थी। ऐसे में हाथियों के चक्रव्यूह से आगे बढ़ी। हाथियों की चिंघाड़ के बीच से गुजरते समय डर तो था, लेकिन छोटी को बचाने के लिए घर में घुसी और सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हुई। क्रांति ने बताया कि उस समय मुझे सिर्फ मेरी बहन को बाहर लाने की चिंता थी।

#### देखने की जगह बचाने का प्रयास किया

*धमतरी जिले के संबलपुर गांव से आई अंशिका साहू ने बताया कि एक दिन जब हम खेल थे, तभी बड़ी बहन बिजली के खुले तार की चपेट में आ गई। उसे देखकर डर तो लगा लेकिन एक फुर्ती से प्लास्टिक के चप्पल को उठाया और सटीक प्रहार करके बहन को करंट के झटकों से बचाया। जबकि देखने वाले लोग डर के मारे चिल्ला रहे थे। मुझे लगा कि प्लास्टिक की चप्पल को हथियार बनाने से हमें करंट भी नहीं लगेगा। मुझे उस समय सिर्फ यही लग रहा था, कि देखने की बजाय बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए और मैने किया।*

#### तालाब में डूबते बच्चे को बचाना आसान..

रायपुर के डंगनिया में रहने वाले प्रेमचंद साहू को उनके अदम्य साहस के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि तालाब में जब एक पैर फिसला, तो हंसी-खुशी का माहौल मातम में बदलने लगा। एक बालक डूब रहा था, मै खुद को रोक नहीं पाया और तालाब में छलांग लगा दिया। गहरे पानी से बच्चे को बाहर निकालने में काफी मुस्कुलों का सामना किया, लेकिन बच्चे को तालाब के किनारे तक लाने में सफल हो गया। उसके परिवार के लोगों से मुझे बहुत स्नेह मिला।

## सिटी इवेंट

### जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी में कंपाउंड वर्ग का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** राजधानी में आयोजित 45वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुक्रवार को पांचवां दिन रहा। प्रतियोगिता में देशभर से आए जूनियर तीरंदाजों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों और आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया। कंपाउंड वर्ग के तीरंदाजों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक हो गए। खिलाड़ियों ने सटीक निशानेबाजी और तकनीकी कौशल से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के तहत आज कंपाउंड वर्ग के मेडल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन युवा तीरंदाजों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिल रही है और प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

### आज मृगनयनी ब्यूटी कांटेस्ट सीजन-5 का ग्रैंड फिनाले

*रायपुर। मृगनयनी ब्यूटी कांटेस्ट सीजन-5 का ग्रैंड फिनाले आज होगा। यह कार्यक्रम वीआईपी रोड स्थित मैग्नेटो मॉल में शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। इसमें मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स केटेगरी में ब्यूटी कांटेस्ट रखा गया है। इसका आयोजन टैरगेट इंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। कॉन्टेस्ट में पार्टिसिपेट करने के लिए रजिस्ट्रेशन खुला रखा गया है। टैरगेट इंटरटेनमेंट के प्रमुख लक्ष्य ने बताया कि यह कांटेस्ट का 5वां सीजन है, जिसे शहर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अब ग्रैंड फिनाले में सभी प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कांटेस्ट के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा।*

### साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान और अदम्य साहस को प्रतियोगिता के माध्यम से स्टूडेंट्स ने किया याद

**रायपुर।** एनआईटी में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को संस्थान के गो ग्रीन क्लब द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य वीर बाल दिवस का स्मरण करते हुए साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान और अदम्य साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा एक शैक्षणिक और संवादात्मक मंच के माध्यम से भारत की ऐतिहासिक विरासत के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में कुल 27 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सूझबूझ, एकाग्रता एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों में बौद्धिक सहभागिता को प्रोत्साहन मिला तथा साहस, बलिदान और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को सुदृढ़ करने में यह कार्यक्रम सफल रहा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. डीसी झारिया एसोसिएट प्रोफेसर एप्लाइड जियोलॉजी, डॉ. गोविंद पी. गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डॉ. शशिकांत वर्मा सहायक प्राध्यापक यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग एवं डॉ. नितेश के. भारद्वाज सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के समन्वय में किया गया।



#### प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

प्रथम पुरस्कार भिरेंद्र साहू, द्वितीय पुरस्कार भावेश गिलहरे, तृतीय पुरस्कार आकाश, चतुर्थ पुरस्कार अंकुश तिवारी, पंचम पुरस्कार हिमांशु वर्मा, सांत्वना पुरस्कार चंद्रादित्य साहू एवं चिन्मय साहू को प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों की उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ और इसने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों पर गहरा एवं सकारात्मक प्रभाव छोड़ा, जिससे वीर बाल दिवस 2025 का यह आयोजन एक स्मरणीय अवसर बन गया।

### बच्चों को रील से रियल जीवन की मिली सीख



**रायपुर।** राजेंद्र नगर स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ का वार्षिक समारोह कुम्हारी कैंपस में संपन्न हुआ। इस वर्ष समारोह की विशेष थीम "रील टू रियल सत्वम" रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दिखावे से दूर जीवन के वास्तविक और शाश्वत मूल्यों से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अहिंसा, सत्य, संयम, करुणा, विवेक और संस्कार जैसे मूल्यों का प्रभावशाली संदेश दिया। प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रील से रियल जीवन-दृष्टि की ओर प्रेरित किया। समारोह में मुख्य अतिथि जयश्री जैन तथा विशेष अतिथि महेंद्रजी मुकीम एवं सीए निलेशजी जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन तथा मोबाइल व सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष राजेशजी सावनसुखा, इंचार्ज ट्रस्टी सीए विजयजी मालू, सचिव राजेशजी जैन सहित अन्य ट्रस्टी, प्राचार्य एपी सिंह एवं हेड मिस्ट्रेस नीतूजी जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। हेड मिस्ट्रेस ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के अंत में अतिथियों एवं अभिभावकों ने प्रस्तुतियों की सराहना की। यह आयोजन मूल्य-आधारित शिक्षा का प्रेरणादायी उदाहरण रहा।

कृषि विवि में चार दिवसीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव 'मड़ई 2025' का शुभारंभ

## छत्तीसगढ़ी रंग में रंगी शोभायात्रा, लोकनृत्य और झांकियों ने मोहा मन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित चार दिवसीय 31वें अंतर महाविद्यालयीन [illegible] महोत्सव ''मड़ई-2025' का शुभारंभ [illegible] महाविद्यालयों के लगभग 900 [illegible]ार्थियों द्वारा सहभागिता से हुआ। कृषक सभागार में आयोजित मड़ई 2025 की शुरूआत भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा से हुई जिसमें 31 कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने जिलों की लोक संस्कृति, लोक पर्व, स्थानीय रीति-रिवाज, तथा अन्य विशेषताओं को प्रदर्शित किया। पारंपरिक परिधानों में सजे इन सांस्कृतिक दलों ने स्थानीय लोक गीतों एवं लोक नृत्यों की अनुपम छटा बिखेरी। इन दलों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख नृत्यों का आकर्षक प्रस्तुतिकरण दिया। शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने महिषासुर मर्दन, रामनामी संप्रदाय, राम मंदिर, गौरा-गौरी, गणेश विसर्जन, राऊत नाचा, अर्धनारिश्वर, कर्मा, पंथी, भगौरिया, आदि पर केन्द्रित झांकियों का प्रदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण में हसदेव बचाओ, अरावली बचाओ, भारतीय प्रौद्योगिकी विकास के विषयों पर सार्थक संदेश भी प्रस्तुत किए।





#### इस तरह होंगे सभी कार्यक्रम

चार दिवसीय 26 से 29 दिसम्बर तक चलने वाले अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव 'मड़ई-2025' में विभिन्न विधाओं की 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत 27 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से 1.30 बजे तक एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 28 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से मूक अभिनय, भाषण, लघु नाटिका, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, देशभक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।



#### पिछले वर्ष की विजेता टीम ने किया स्वागत नृत्य

शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि यह सास्कृतिक आयोजन विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियों के रूप में सदैव यादगार रहता है। साथ ही किसी भी विधा का अलग तरीके से प्रदर्शन करने से आपकी एक पहचान कायम होती है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि मडई 2025 का आयोजन शिक्षा दीक्षा के साथ विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास का विशिष्ट अवसर प्रदान करता है। डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बाताया कि इस वर्ष 31वां सांस्कृतिक आयोजन मड़ई 2025 किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. वीके त्रिपाठी संचालक अनुसंधान, डॉ. एसएस टुटेजा निदेशक विस्तार, डॉ. आरती गुहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर, कपिल देव दीपक कुलसचिव एवं अधिष्ठाता, प्राध्यापक उपस्थित थे। शुभारंभ समारोह में पिछले वर्ष के विजेता टीम ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

इवेंट लाइव

## फौजी कभी रिटायर्ड नहीं होते वर्दी के बिना भी निभाते हैं फर्ज



**रायपुर।** भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम वर्षगांठ बैठक का आयोजन चंगोराभाठा रिंगरोड स्थित एक होटल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत यादव भवन परिसर में पौधारोपण से की गई, जिसमें संघ के सदस्यों के साथ यादव समाजजन भी सहभागी बने। इसके पश्चात संघ की प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन संतोष वर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात वंदेमातरम एवं छत्तीसगढ़ महतारी गीत का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति से वातावरण हुआ मनोरम

इस क्रम में गजेंद्र वर्मा एवं गणेश्वर पटेल द्वारा प्रस्तुत गीतों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। वहीं अमरसिंह वासनिक, गजेन्द्र वर्मा, योगेश वर्मा एवं योगेश्वर प्रसाद के ओजस्वी भाषणों ने उपस्थित जनसमूह में जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने नृत्य कर यह संदेश दिया कि फौजी कभी रिटायर्ड नहीं होते, भले ही वर्दी तन पर न हो, लेकिन फर्ज हमेशा साथ रहता है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, सचिव कमलेश चौबे, उपकोषाध्यक्ष दिलीप खरे, सहसचिव रामगोपाल वट्टी, मीडिया प्रभारी गणेश्वर पटेल, संस्थापक कल्याण वर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सोरी, संगठन के संतोष वर्मा, घनश्याम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, नेमीचंद्र भारती एवं अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

होटल्स-रेस्तरां में 31 की नाइट पार्टी में धूम मचाएंगे सेलिब्रिटी, डीजे-डांस के साथ न्यू ईयर का ग्रैंड वेलकम, एंट्री बुकिंग शुरू

# नए साल पर होटलों में 664 से 4999 रुपए तक मिलेगी एंट्री, अनलिमिटेड इंटरटेनमेंट और डिनर रहेगा खास

नए साल के स्वागत के लिए शहर के होटल्स और रेस्तरां में न्यू ईयर पार्टी की खास तैयारी की गई है। न्यू ईयर पार्टी में इवेंट सेलिब्रिटी नाइट सेलिब्रेशन का दौर चलेगा। होटल-रेस्तरां में इसके लिए खास ऑफर भी दिए जा रहे हैं। इनमें सेलिब्रिटी विद सेलिब्रेशन, डीजे नाइट, गाला डिनर, म्यूजिक, डांस, कॉमेडी शो, फेवरेट्स एंड स्पेशल फूड्स मेन्यू साथ में प्रोवाइड कराया जाएगा।





**रायपुर।** शहर के टॉप होटल्स और रेस्टोरेंट्स की प्रबंधन टीम से हरिभूमि ने बातचीत कर जाना कि इस न्यू ईयर के वेलकम पार्टी में उनके यहां किस तरह की तैयारी और इंटरटेनमेंट की व्यवस्था की गई है। इस पर होटल्स और रेस्टोरेंट्स के मैनेजरों ने बताया कि सिंगल, कपल्स और फैमिली के लिए अलग-अलग एंट्री फीस रखी गई है। यहां पर न्यू ईयर पार्टी एंट्री फीस 664 से 4999 रुपए से शुरू है। यह जो चार्ज है, वह सिंगल की एंट्री फीस है। न्यू ईयर पार्टी में नए साल के जश्न को खास बनाने एंटरटेनमेंट, डिनर के फुल पैकेज का इंतजाम रखा गया है। शहर के इन होटल्स व रेस्टोरेंट्स में नए साल की जश्न की खास होने वाला है।

### ईडीओ वीआईपी रोड में न्यू ईयर का काउंटडाउन

ईडीओ में होने वाला इवेंट हाई एनर्जी म्यूजिक और नाइट क्लब वाइब के लिए जाना जाता है। दोस्तों के साथ न्यू ईयर का काउंटडाउन करने के लिए यह इवेंट खास माना जा रहा है। इसका लोकेशन वीआईपी रोड, अजूबा पार्क लेन, विशाल नगर है। यहां की एंट्री फीस 1500 से शुरू है।

### एंटरटिका सी वर्ल्ड में नियॉन थीम, तेज म्यूजिक और डांस फ्लोर

एंटरटिका सी वर्ल्ड में नियॉन नाइट 2.0 युवाओं के बीच खास लोकप्रिय रहने वाली है। नियॉन थीम, तेज म्यूजिक और डांस फ्लोर के साथ यह पार्टी कम बजट में शानदार अनुभव देने का दावा कर रही है। यह पार्टी रायपुर के एंटारटिका सी वर्ल्ड में होगी, जिसकी एंट्री फीस 664 रुपए से शुरू है।



### कोर्टयार्ड मैरियट में न्यू ईयर पार्टी, एक प्रीमियम ऑप्शन

लग्जरी और क्लास पसंद करने वालों के लिए कोर्टयार्ड मैरियट में न्यू ईयर पार्टी एक प्रीमियम ऑप्शन है। यहां शानदार डिनर, म्यूजिक और एलिगेंट माहौल में नए साल का स्वागत किया जाएगा। कोर्टयार्ड मैरियट एनएच-6 लभांडी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के ऑपोजिट साइड पर है। एंट्री फीस 4999 रुपए से शुरू है।



### मुहूर्त होटल एंड रिसॉर्ट में चिंकी-मिंकी मचाएंगी धूम

*मुहूर्त होटल एंड रिसॉर्ट में होने वाला यह इवेंट खास तौर पर चिंकी-मिंकी फेम की मौजूदगी के कारण चर्चा में है। फैमिली और युवाओं दोनों के लिए यह न्यू ईयर पार्टी आकर्षक विकल्प मानी जा रही है। इसका लोकेशन मुहूर्त होटल एंड रिसॉर्ट रायपुर है, जिसकी एंट्री फीस 2999 रुपए से शुरू है।*

### एरिया 36 क्लब में ब्लोआउट 0.4 का मजा

*क्लबिंग पसंद करने वालों के लिए ब्लोआउट 0.4- 2025 एक बड़ा आकर्षण है। डीजे, डांस और पार्टी लवर्स के लिए यह इवेंट पूरी रात मस्ती का वादा करता है। इसका लोकेशन एयरपोर्ट रोड स्थित एरिया 36 क्लब है। एंट्री फीस 1400 से शुरू है।*

आराधना

## अय्यप्पा मंदिर में आज मंडल पूजा उत्सव, गूंजेगा मंत्रोच्चार



**रायपुर।** हर साल की भांति इस वर्ष भी मंडल पूजा उत्सव शनिवार को धूमधाम से किया जाएगा। इस दिन श्री अय्यप्पा मंदिर की पवित्र अट्ठारह सीढ़ियां खुलेंगी। इस पर व्रतधारी भक्त आरोहण करेंगे। टाटीबंध कॉलोनी स्थित भगवान महादेव मंदिर में सुबह 6.30 बजे से पूजा शुरू होगी। इसके बाद केटटुनिरा का विधान किया जाएगा। वहीं 8 बजे पल्लीकेट्टु के साथ सभी भक्त मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा के रूप में प्रस्थान करेंगे। इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक भक्त परिवार शामिल होते हैं। इस लिहाज से मंदिर में तैयारी पूरी की गई है। मंडल पूजा अनुष्ठान के तहत सुबह 4.30 बजे प्रभात फेरी के बाद निर्माल्य दर्शन, अभिषेकम, गणपति होम, उषा पूजा की जाएगी।

### अन्नदानम का नियम

पूजा उत्सव की श्रृंखला में भागवत पारायणम सुबह 7 बजे किया जाएगा। इसके बाद भक्त पल्लिकेटु सहित पवित्र सीढ़ियों का आरोहण करेंगे। साथ ही घी अभिषेकम, मध्यान्ह पूजा आदि संपन्न होगी। शाम 6.30 बजे दीपाराधना एवं 7 से 9 बजे तक भजन-कीर्तन होंगे। रात 8.15 बजे से भोग पूजा, प्रसाद वितरण, अन्नदानम का नियम किया जाएगा। शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा स्वामी का मुख्य मंदिर केरल राज्य के शबरीश्रृंग में स्थित है। जहां प्रतिवर्ष कठोर व्रतधारी करोड़ों श्रद्धालु दर्शन प्राप्त करते हैं। श्री अय्यप्पा सेवा संघम द्वारा इस अवसर पर भक्तों को सहयोग देने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## साध्वीश्री का जबलपुर से रायपुर तक पद विहार, विश्व कल्याण की कामना के साथ नौ ग्रहों का विशेष पूजन

**रायपुर।** फाफाडीह स्थित श्री कुंथुनाथ जिनालय में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में शुक्रवार को सुबह 7 बजे साध्वीश्री नंदिषेणा का मंगल प्रवेश हुआ, जो जबलपुर से पद विहार करते हुए रायपुर नगर पधारी हैं। श्री छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष चंद्रेश वीरचंद शाह (छेडा), सचिव किशोर मेघजी मोती, उपाध्यक्ष भूपेंद्र गोविंदजी मोमाया, सह-सचिव हितेश शरद मोमाया, कोषाध्यक्ष हरीश शिवाजी लोडाया और 2025 रजत ध्वजा महोत्सव समिति के संयोजक हरीश जेवरचंद शाह ने बताया कि परम पूज्य साध्वी के मंगल प्रवेश के साथ ही महोत्सव का मंगलमय शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस शुभ मुहूर्त पर कुंभ और दीपक स्थापित कर, नौ ग्रहों और दस दीपों का पूजन किया गया। स्थापना पूजन के बाद गुरूवर्या श्रीजी का मांगलिक और विधिवत रूप से मंडप का उद्घाटन हुआ।

### फूलों से सजावट, आकर्षक रोशनी से जगमगाया जिनालय





### भगवान का शक्रस्तव अभिषेक



महोत्सव में दोपहर 12.50 बजे के शुभ मुहूर्त पर भगवान का शक्रस्तव अभिषेक हुआ, जिसमें प्रभु का विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया है। शक्रस्तव अभिषेक के दौरान औषधियों का उपयोग किया जाता है जिससे की प्रतिमा में एक लेप लग जाती है। यह अभिषेक उन दोषों से मुक्ति दिलाता है, जो पूजन के दौरान लगती है। इसमें अनेक प्रकार की औषधियां, चूर्ण, केसर, चंदन समाहित होता है, इस अभिषेक से प्रतिमा में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जिससे कि सभी पर प्रभु का आशीर्वाद बना रहता है। शक्रस्तव अभिषेक के बाद जिनालय को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया और विशेष रूप से महिलाओं द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम 6.30 बजे भव्य आरती, मंगल दीपक एवं श्री महाकाली माताजी की भावना भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। महोत्सव के विधिकारक श्री राजा भाई नंदू मुंबई से और गुजरात की ढोल-शहनाई के सुरताल से महोत्सव और भी भव्य हो गया। महोत्सव में शामिल होने मुंबई, गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ समेत दक्षिण भारत से मेहमान रायपुर पहुंचे हैं।

## सिंधी पंचायत के सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का समापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा लगाए गए विशाल एक्यूप्रेशर शिविर का समापन हुआ। शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। सिंधी पंचायत की महिला विंग द्वारा सर्व समाज के लिए सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर श्याम नगर स्थित सिंधी पंचायत के प्रधान कार्यालय में लगाया गया। 18 से 24 दिसंबर तक आयोजित शिविर में केवल नॉमिनल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बाद उन्हें प्रतिदिन शिविर से जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें कई लाइलाज रोगों का इलाज किया गया। बिना दवा के केवल एक्यूप्रेशर द्वारा लोगों को राहत देने का प्रयास किया गया। इनमें वात, गठिया, शुगर, सर्वाइकल, साइटिका जैसे असाध्य रोगों का उपचार कर पीड़ितों को राहत पहुंचाने के प्रयास विशेषज्ञों द्वारा किए गए।

### समाजसेवा की पहल सराहनीय

*छग पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष दीक्षा रामानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत द्वारा लगातार इस तरह से मानव सेवा की जाती है। उसी के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर लगाया गया। इसमें असाध्य रोगों से पीड़ित कई मरीजों का इलाज किया गया। जिन्होंने पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया कि सेवा और सहयोग से असाध्य रोगों का सरलता से इलाज हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में हेमा अमेसर, कनक खेमानी, चंचल बजाज, तनीषा नाज्याणी, आरती छगानी, साक्षी रोहरा ने शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोगों को शिविर में इलाज और जांच की प्रक्रिया से जोड़ने में सहयोग दिया।*

धर्म लाइव

## विधि-विधान से आज शुरू होगा दिव्य गायत्री महायज्ञ



रायपुर। राष्ट्रीय शौर्य और समृद्धि के लिए बिरगांव निगम सीमा क्षेत्र में स्थित शासकीय नंदकुमार पटेल कॉलेज प्रांगण में शनिवार से गायत्री परिवार द्वारा 51 कुंडीय दिव्य गायत्री महायज्ञ की शुरुआत होगी। इसमें 1000 से अधिक बहनों द्वारा मंगल कलश यात्रा निकली जाएगी। ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद के साथ महायज्ञ के संयोजक शंकर साहू के साथ गायत्री परिवार के पदाधिकारी ने महायज्ञ स्थल का निरीक्षण किया, इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। महायज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि यह आयोजन बिरगांव निगम क्षेत्र में किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए आरके शुक्ला और प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि कॉलेज प्रांगण में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है।

### यज्ञ स्थल में शुरू होगा महायज्ञ, निकलेगी कलश यात्रा

यज्ञ स्थल पर आने वाले परिजनों को यज्ञ से जोड़ने की जवाबदारी तय की गई है। यज्ञ के दौरान विभिन्न तरह के संस्कारों का आयोजन किया जाएगा। इसकी व्यवस्था के लिए सभी के साथ चर्चा की गई है। इस महायज्ञ को सभी के सहयोग से सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग भी व्यापक मिल रहा है। महायज्ञ के पहले दिन भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस युवा सम्मेलन व तृतीय दिवस नारी जागरण सम्मेलन और चतुर्थ दिवस महायज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। इसमें भारी संख्या में गायत्री परिजन और क्षेत्र की जनता शामिल हो सके, इसके लिए सभी को आमंत्रित किया गया है।

परीक्षा में स्टूडेंट्स खुद को कैसे करें तैयार, शिक्षाविद ने साझा किए टिप्स

# मॉडल पेपर के प्रश्नों का लिखित अभ्यास करें परीक्षा की तैयारी होगी पूरी, रिजल्ट भी आएगा बेहतर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के दानी गर्ल्स और जेएन पांडे स्कूल में टीचर्स विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर पूरी तैयारी का टेस्ट करा रहे हैं। गवर्नमेंट दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने कहा कि 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड से जारी ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर विषयों के रिवीजन पर अभी से फोकस करना शुरू कर दें। विषयों की पूरी तैयारी हो जाए तो उनका विषयवार मॉडल पेपर के प्रश्नों का लिखित अभ्यास घर पर करें। यह अभ्यास परीक्षा हॉल में एग्जाम दे रहे मानकर निर्धारित 3 घंटे में प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। इससे परीक्षा की तैयारी पूरी हो जाएगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। ऐसा करने से परीक्षा के दिन एग्जाम हॉल में किसी भी तरह का मानसिक तनाव या डर जैसी स्थिति से बच जाएंगे।

*छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा को कम समय रह गए हैं। ऐसे में 10वीं व 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स मन से तैयारी में जुटे हुए हैं। क्लास रूम से लेकर घर पर छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड से जारी ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर का अभ्यास करने शिक्षक विद्यार्थियों को एग्जाम सक्सेज का टिप्स दे रहे हैं।*



### कन्फ्यूजन की स्थिति टीचर्स से करें क्लीयर

छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड ने आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर सब्जेक्ट के सिलेबस ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर भी जारी कर दिए हैं। यह ब्लूप्रिंट व मॉडल पेपर स्टूडेंट्स के कांसेप्ट को परीक्षा से पहले ही क्लीयर कर देता है कि उनको परीक्षा की तैयारी किस पैटर्न में करनी है। वहीं स्टूडेंट्स के मन में किसी भी विषय के किसी भी टॉपिक को लेकर कोई कठिनाई या कन्फ्यूजन की स्थिति हो रही है तो अभी समय रहते वे अपने टीचर्स और पैरेंट्स से समस्या को शेयर कर लें।

### तनाव से बचने ब्रेक लेकर पढ़ें

पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला का कहना है कि स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा के दबाव या तनाव से बचने के लिए टॉपिक्स की रिवीजन टाइम टेबल बनाकर करें। साथ ही पढ़ाई के दौरान रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें। पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक भोजन रुटीन में शामिल करें। एकाएक परीक्षा के समय बिना ब्रेक के नियमित घंटों पढ़ाई से बचें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय हजारे वनडे ट्रॉफी में अमनदीप के शानदार 76 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 24 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच शुक्रवार को जयपुर में पंजाब सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 48.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 253 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने सर्वाधिक 76 रन बनाये, वहीं मयंक वर्मा ने 64 रन,शुभम अग्रवाल ने 36 रन तथा अनुज तिवारी ने 31 रनों का योगदान दिया। पंजाब की ओर से कृष भगत ने 3 विकेट, सुखदीप बाजवा तथा रघु शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 254 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब ने 42.1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। पंजाब की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज हरनूर सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 115 रन बनाये तथा पंजाब की जीत सुनिश्चित की। उनके अतिरिक्त अनमोलप्रीत सिंह ने नाबाद 105 रन बनाए। छत्तीसगढ टीम की ओर से मोहित राउत ने 1 विकेट प्राप्त किया। पंजाब ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता 28 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले राउंड के मैच में दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध बिलासपुर ब्लू, राजहरा टीम में रायपुर विरुद्ध राजनंदगांव, धमतरी में टीम बीएसपी विरुद्ध बीसीए और न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर के मैच होंगे।

### वेस्ट जोन प्रतियोगिता में छाये रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** इंदौर में दिनांक 19 से 21 दिसंबर तक संपन्न वेस्ट ज़ोन राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पदक जीतने में सफलता हासिल की है। इनमें बालक वर्ग सब जूनियर में उत्सव सेन (रजत पदक, 83 किग्रा), जूनियर वर्ग : मनीष देवांगन (कास्य पदक, 59 किग्रा), सीनियर वर्ग : धनंजय यादव (स्वर्ण पदक, 59 किग्रा), ब्लेसन बास्को (कास्य पदक, 93 किग्रा), तुषार नेताम (स्वर्ण पदक, 105 किग्रा), अभिषेक जॉर्ज ( कास्य पदक, 120 किग्रा), बालिका वर्गः सब जूनियरः अन्नपूर्णा नायक (स्वर्ण पदक, +84 किग्रा), जूनियर वर्गः पायल घोड़े ( कांस्य पदक, 57 किग्रा), हिमांशी देशमुख (रजत पदक) एवं ईशा रात्रे (कास्य पदक, दोनों +84 किग्रा), सीनियर वर्गः वंदना मंडल (स्वर्ण पदक, 57 किग्रा), गुरप्रीत कौर भाटिया (कास्य पदक, 76 किग्रा), टीम के कोच/मैनेजर/निर्णायक के रूपः कृष्णा साहू (विक्रम, गुंडाधुर, हनुमान सिंह अवार्डी), संतोषी माझी (राजीव पांडेय, गुंडाधुर अवार्डी), पतंजलि झा, आसिफ अली खान, अशोक कुमार पिल्ले), प्रिंस पीयूष टंडन, रंजीत तांडी का योगदान महत्वपूर्ण रहा। प्रतियोगिता समापन के अवसर पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अर्जुन अवार्डी सजीवन भास्करन (पूर्व भारतीय रेलवे कोच) पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष विनोद साहू, पावरलिफ्टिंग इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं सीजीपीएलए के महासचिव कृष्णा साहू, आयोजन सचिव दिनेश पालीवाल, आयोजन अध्यक्ष गीता चौहान (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी एवं एडिशनल एसपी), पावरलिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष सतीश कुमार कुदरौली तथा सेक्रेटरी जनरल पीजे जोसफ (अर्जुन अवार्डी) ने शुभकामनाएं दी है।

### सांसद खेल महोत्सव में खुटे का सम्मान



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण रायपुर में किया गया। इस दौरान शतरंज खेल में विशिष्ट योगदान के लिए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी,निर्णायक,कोच हेमंत खुटे का सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक सुनील सोनी ने प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर सम्मानित किया ।

# ब्लड प्रेशर से लेकर डायबिटीज रोगियों तक बढ़ती ठंडक पैदा कर सकती है गंभीर समस्याएं

दिसंबर-जनवरी का महीना कड़ाके की सर्दी और घने कुहरे वाला होता है, पर इस बार अब तक अपेक्षाकृत ठंड कुछ ज्यादा है। हालांकि पूर्वानुमानों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है। सर्दियों का मौसम खान-पान और तमाम प्रकार के व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए काफी आनंददायक होता है, पर तापमान में गिरावट कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली भी हो सकती है।

हृदय रोगों से लेकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पाचन की समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य विकार वाले लोगों के लिए सर्दियों का मौसम काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लिहाजा ऐसे लोगों को सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

ठंड के महीनों में सर्दी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होना अधिक आम है। इसके अलावा इन दिनों में ब्लड प्रेशर की समस्या भी ज्यादा हो सकती है। आइए जानते हैं कि यह मौसम आपकी सेहत को किस प्रकार से प्रभावित करने वाला होता है? और बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?

### सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या



तापमान में गिरावट के साथ सर्दी-जुकाम की समस्या होना काफी सामान्य है। ये अलग-अलग वायरस के कारण हो सकती है, राइनोवायरस सर्दी का सबसे आम कारण है। सर्दी के मौसम में सूर्य की रोशनी से मिलने वाले विटामिन डी का अवशोषण भी कम हो जाता है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। ये आपको इन बीमारियों के प्रति और भी संवेदनशील बना देती है। इन समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचने के लिए पर्याप्त उपाय करें।

### बढ़ सकता है ब्लड प्रेशर



सर्दी के दिनों में रक्तचाप बढ़ने की समस्या भी अधिक देखी जाती रही है, आमतौर पर सर्दियों में ब्लड प्रेशर अधिक और गर्मियों में लो होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण हो जाती हैं, इससे रक्तचाप बढ़ जाता है। संकुचित नसों और धमनियों के माध्यम से रक्त को प्रवाहित करने के लिए अधिक दबाव की आवश्यकता होती है, इसका हृदय की सेहत पर भी असर पड़ सकता है।यही कारण है कि इस मौसम में हार्ट अटैक के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते हैं।

### डायबिटीज रोगियों की बढ़ सकती हैं समस्या

सर्दियों का मौसम सिर्फ ब्लड प्रेशर ही नहीं, मधुमेह की समस्या वाले लोगों के लिए भी काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। डायबिटीज से पीड़ित कई लोगों में जैसे-जैसे तापमान गिरता है, रक्त शर्करा बढ़ जाती है। ठंडा तापमान आपके शरीर में तनाव बढ़ाता है जिसके प्रतिक्रिया में, आपका शरीर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन जारी करता है। ये हार्मोन इंसुलिन उत्पादन को कम करते हैं परिणामस्वरूप, आपके रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। ब्लड शुगर बढ़ने की स्थिति किडनी, लिवर, हार्ट जैसे अंगों के लिए भी समस्याकारक हो सकती है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए शरीर को ठंड से बचाएं और दवाओं के साथ समय-समय पर डॉक्टरी सलाह लेते रहें।



### अस्थमा और सांस की बीमारियां

अस्थमा या सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी का मौसम साल का सबसे कठिन समय हो सकता है। ठंडी, शुष्क हवा और मौसम में अचानक बदलाव से आपके वायुमार्ग में जलन की समस्या बढ़ने लगती है, जिससे अधिक बलगम पैदा होने लगता है। ये सांस की जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है, जिसके कारण अस्थमा के ट्रिगर होने या अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दी के दिनों में निमोनिया जैसी सांस की बीमारियों के मामले भी अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं।



## टेनिस में पाखी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** आल इंडिया सिविल सर्विसेज टेनिस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 2-1 से हरा कर गोल्ड पर कब्ज़ा किया। सिविल सर्विसेज में महिला टीम टूर्नामेंट को पहली बार शामिल किया गया था. इस प्रकार छत्तीसगढ़ को पहला विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। पाखी ने अपने सिंगल्स मैच में राजस्थान की सुमन को 9-0 से हराया। जब छत्तीसगढ़ की साथी खिलाडी मुक्ता मेश्राम अपना मैच राजस्थान की निकिता से 9-3 से हार गयी तब पाखी ने डबल्स मैच में जबरदस्त प्रदर्शन के जरिये टीम को 9-3 से न केवल मैच जिताया बल्कि छत्तीसगढ़ को गोल्ड मैडल दिलाया। इसके पहले पाखी ने अपने सभी मैच जीतते हुए टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचने में अहम् योगदान दिया। ज्ञात रहे कि पाखी भट्ट इससे पहले आल इंडिया फॉरेस्ट मीट में भी दो साल से प्रतिवर्ष 3-3 गोल्ड मैडल जीत चुकी हैं एवं छत्तीसगढ़ मैं उनकी गिनती सर्वश्रेष्ठ महिला खिलड़ियों में होती है। प्रदेश के वन अधिकारी शालिनी रैना, अलोक तिवारी एवं संगीता राजगोपालन ने पाखी को सफलता की बधाई दी। यह सफलता न केवल छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

## हाथों की ये रेखाएं बताती हैं वैवाहिक जीवन के बारे में

हाथों की रेखाएं व्यक्ति का नसीब बताती है। हर व्यक्ति की रेखाएं अलग-अलग होती हैं। सबका भाग्य एक जैसा नहीं होता है। किसी को जीवन में कुछ पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ता है लेकिन कुछ लोग आसानी से विलासिता भरा जीवन जीते हैं। यही नहीं कई बार दिन रात मेहनत करने के बाद भी मनचाहे परिणाम नहीं मिलते। वहीं कुछ लोग आसानी से सफलता की सीढ़ी चढ़ जाते है। इसे हाथों की रेखाओं का खेल भी कहा जा सकता है। दरअसल, व्यक्ति के हाथों की लकीर उसके भाग्य के बारे में बताती है। इसलिए हाथों की रेखाओं को हर किसी से नहीं पढ़वाना चाहिए। माना जाता है कि इससे भाग्य रेखा प्रभावित होती हैं। वहीं हाथों की रेखा से व्यक्ति के वैवाहिक जीवन के बारे में भी पता चलता है। सभी के हाथों में कुछ रेखा या ऐसे निशान होते हैं जो वैवाहिक जीवन में खुशी या निराशा के बारे में बताती है। आइए जानते हैं कि हाथों की कौन सी रेखाएं वैवाहिक जीवन में खुशी और परेशानियों का संकेत देती हैं।

### सुखी वैवाहिक जीवन का संकेत देती है ये रेखाएं

हाथों में विवाह रेखा का लंबी होना और उसका सूर्य पर्वत तक जाना बेहद ही शुभ माना जाता है। ये एक संपन्न जीवनसाथी के होने का इशारा करती है। यदि आपके बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है।

अगर पुरुष के बाएं हाथ में दो विवाह रेखा होती है और दाएं हाथ में एक विवाह रेखा हो तो ये श्रेष्ठ जीवनसाथी के मिलने का संकेत होता है। ऐसे लोगों की जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाली होती है। अगर किसी के हाथ में विवाह रेखा के अंत में त्रिशूल जैसा कोई चिह्न बन रहा होता है तो ऐसे लोगों का जीवनसाथी अधिक प्रेम करने वाला होता है।



### ये रेखाएं वैवाहिक जीवन में होने वाली परेशानियों का देती है संकेत

माना जाता है कि अगर किसी व्यक्ति के द्वीप का चिह्न अंत में हो तो यह जीवनसाथी के स्वास्थ्य के लिए बुरा संकेत हो सकता है। कहते हैं कि अगर किसी इंसान की विवाह रेखा हृदय रेखा के नीचे बनती है तो ऐसे व्यक्ति के विवाह के योग बहुत कम होते हैं। अगर किसी व्यक्ति के बुध पर्वत से आई हुई कोई रेखा विवाह रेखा को काटती है तो इससे वैवाहिक जीवन परेशानियों से भरा होता है।



## धन से जुड़ी परेशानी हो या फिर जमीन विवाद, फौरन दूर करते हैं ये वास्तु यंत्र


श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है।

### वास्तुशास्त्र में दिशाओं का महत्व

वास्तुशास्त्र के अनुसार घर हो या फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कहीं भी वास्तु दोष होने से वहां रहने वाले लोगों का जीवन किसी न किसी तरह से प्रभावित अवश्य होता है और तरह-तरह की कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वास्तु में इन दोषों को दूर करने के लिए कुछ विशेष प्रकार के यंत्र हैं। जिनको अपनाकर आप अपने जीवन में परेशानियों को दूर कर सुख-समृद्धि बटोर सकते हैं।

### वास्तुदोष दूर करने के लिए

दिक्दोषनाशक यंत्र वास्तुदोष निवारण का महत्वपूर्ण यंत्र है जिसमें सभी दिशाओं और दिक्पालों का पूजन किया जाता है। यदि घर में टॉयलेट,रसोई या बाथरूम कोई गलत दिशा में बन गया हो तो यह यंत्र स्थापित करने से वह दोष मिट जाता है। इसी प्रकार वरुण यंत्र बड़ा ही प्रभावी वास्तु यंत्र है जो जल संबंधी समस्त दोषों को दूर करता है। यदि जलस्थान, नलकूप, पानी की टंकी अग्नि कोण या गलत दिशा में बन गए हैं तो इस वरुण यंत्र को उस पर स्थापित करके पूजन करने पर



जल संबंधी सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। सर्वमंगल वास्तु यंत्र वास्तु संबंधी सभी प्रकार के दोष-निवारण करने के साथ-साथ सब प्रकार की मंगल कामना हेतु अचूक वरदायक है।

### जमीन विवाद के लिए

मारुति यंत्र हनुमानजी का यंत्र है। इस यंत्र के बहुत से उपयोग हैं, परन्तु इनमें से एक उपयोग वास्तु के संबंध में बहुत प्रचलित है। जिनकी जमीन नहीं बिक रही हो या जिस जमीन में विवाद खड़ा हो गया हो। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भूखंड मालिक को मंगलवार के दिन दोपहर 12 बजे इस यंत्र को ले जाकर सम्बंधित भूमि में पूर्व या ईशान दिशा में सवा हाथ गड्ढा खोदकर गाड़ दें और ऊपर से दूध या गंगाजल की धारा चढ़ानी चाहिए। वास्तु के अनुसार भूमि का विवाद तीन महीने के अंदर सुलझ जाएगा। मारुति यंत्र वाहन सुरक्षा के लिए भी लाभकारी है।

### धन प्राप्ति के लिए

श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। ऐश्वर्य और धनलक्ष्मी की वृद्धि के लिए वास्तु में इस यंत्र का प्रयोग किया जाता है। यदि दुकान में मन नहीं लगता हो, व्यापार में बरकत न हो,रुपया पैसा आता तो हो पर बचत नहीं हो पा रही है तो इसे घर या दुकान की उत्तर दिशा में लगाना बहुत लाभकारी है।

### द्वारदोष दूर करने के लिए

यह एक विशिष्ठ प्रकार का तोरण है,जो द्वार संबंधी दोषों का हरण करता है और घर को बाहरी विपदाओं से बचाता है।

शत्रु बाधा को दूर करने के लिए वास्तु के अनुसार यदि किसी शत्रु ने आपके घर या दुकान को बांध रखा है या आप पर कोई अभिचार कर्म किया है तो यह यंत्र उस अभिचार कर्म को नाश करके वापस लौटा देता है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' भारत में रिलीज, फाइनल एपिसोड के लिए फैंस हुए बेकरार



नेटफ्लिक्स के सबसे लोकप्रिय साइंस-फिक्शन शोज में से एक 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब यह शो अपने आ खि री एपिसोड की ओर पहुंच रहा है, यही कारण है कि लोगों का उत्साह भी चरम पर है। फैंस 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 वॉल्यूम 2 को लेकर उत्साहित हैं। आइए जानते हैं कि भारत में सीजन 5 वॉल्यूम 2 को लेकर क्या है अपडेट और फाइनल एपिसोड आया या नहीं 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अंतिम सीजन के दूसरे भाग के लिए फैंस का उत्साह खत्म हो गया है। क्योंकि भारत में सीजन 5 का वॉल्यूम 2 शुक्रवार सुबह 6:30 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गया है। यह इस सीजन का सेकेंड पार्ट है, जिसमें तीन एपिसोड हैं। हालांकि, अभी भी फाइनल एपिसोड नहीं आया है। वॉल्यूम 2 के तीन नए एपिसोड के आने के बाद अब इस सीजन के सात एपिसोड हो चुके हैं। लेकिन फाइनल एपिसोड का दर्शकों को अभी भी इंतजार हैं। फाइनल एपिसोड न्यू ईयर के मौके पर 1 जनवरी से स्ट्रीम करेगा, जिसमें कहानी का अंत पता चलेगा। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 वॉल्यूम 2 के लिए इंतजार इसलिए भी है क्योंकि हॉकिन्स शहर की कहानी जारी है। इन नए एपिसोड में जबरदस्त एक्शन, चौंकाने वाले ट्विस्ट और पसंदीदा किरदारों की वापसी देखने को मिल रही है। साथ ही इन तीन नए एपिसोड के बाद अब फाइनल एपिसोड के लिए फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। सीरीज अपने शानदार एंडिंग की ओर बढ़ रही है और दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि कहानी और लंबे समय से चले आ रहे रहस्य कैसे सुलझेंगे।

### टॉलीवुड

## 'जन नायकन' में बेटी पर जान लुटाते नजर आए अभिनेता विजय



साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' का गाना 'चेला मा ग ले' रिलीज हो चुका है। गाने में पिता और बेटी के बीच के खूबसूरत रिश्ते को बयां किया गया है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय ने पिछले तीन दशकों में लाखों दिलों को छुआ है और अब वो पूरी तरह से अपनी राजनीतिक यात्रा की ओर अग्रसर हैं। लेकिन उससे पहले, उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' का नया गाना रिलीज करके उन्होंने फैंस को तोहफा दिया है। विजय की फिल्म का गाना 'चेला मागले' पिता और बेटी के बीच प्यारे से रिश्ते को बयां कर रहा है। बता दें फिलहाल थलपति विजय फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट के लिए मलेशिया पहुंच चुके है, जहां शानदार तरीके से उनका स्वागत हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि जब मलेशियन डांसर पारंपरिक नृत्य पेश कर रहे थे, तब विजय खुद उनके बीच खड़े होकर ब्लूटूथ स्पीकर थामे नजर आए। आमतौर पर जहां बड़े सितारे सुरक्षा घेरा बनाकर चलते हैं, वहीं विजय का यह अंदाज उनके फैंस को भावुक कर गया। उन्होंने डांसर्स को हाथ हिलाकर अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए धन्यवाद भी कहा। विजय के साथ मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर भी मलेशिया पहुंचे। दोनों को सुरक्षा अधिकारियों और आयोजकों के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकलते देखा गया। इसके अलावा फिल्म के निर्देशक एच विनोथ, अभिनेत्री ममिता बैजू और निर्माता भी मलेशिया पहुंच चुके हैं। सोशल मीडिया पर इन सभी के पहुंचने के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।'जन नायकन' थलपति विजय की बतौर अभिनेता आखिरी फिल्म मानी जा रही है। इसके बाद वह पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे।

### भोजपुरी

## ज्योति ने पवन के गाने पर शेयर किया वीडियो यूजर बोले- 'भैया के गाने का सही इस्तेमाल



भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का अपनी पत्नी ज्योति सिंह के साथ रिश्ता तनावपूर्ण दौर से गुजर रहा है। दोनों का तलाक केस कोर्ट में है। इस बीच ज्योति ने अभिनेता के चर्चित गाने पर वीडियो शेयर किया है। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह का करियर शानदार पड़ाव पर है। एक तरफ उनके नए-नए गाने रिलीज हो रहे हैं। वहीं, इन दिनों उन्हें रियलिटी शो में भी खूब देखा जा रहा है। मगर, अभिनेता की पर्सनल लाइफ तनाव के दौर से गुजर रही है। पत्नी ज्योति सिंह के साथ उनका तलाक का केस कोर्ट में है। मगर, ज्योति ने हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें पवन सिंह का गाना जोड़ा है। ज्योति सिंह का पति पवन सिंह से बेशक शादीशुदा जीवन उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है। दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। मगर, वे अभिनेता के गानों पर अक्सर वीडियो शेयर करती हैं। आज रविवार को उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फोन चलाती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने पवन सिंह का 'छोटकी ननदी रे' सॉन्ग शेयर किया है। इस वीडियो के साथ ज्योति ने कैप्शन में शरमाने वाला इमोजी, फेस किस इमोजी और इविल आई यानी बुरी नजर से बचाने वाला इमोजी शेयर किया है। ज्योति सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'पवन भैया के गानों का सही इस्तेमाल आप ही करती हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आजकल आप सिर्फ भैया के गानों पर रील डाल रही हो भाभी।


### यामामोटो की याद

### लाइफ स्टाइल



> मशहूर जापानी फैशन डिज़ाइनर कंसाई यामामोटो भले ही अब हमारे बीच नहीं है, लेकिन वह एक ऐसी परंपरा छोड़ गए जो जापानी फैशन डिजाइन के क्षेत्र में अलग पहचान रखती है। डेविड बॉवी के कई जेंडर-फ्लूइड कॉस्ट्यूम और ड्रेस के पीछे जीनियस यामामोटो ही थे, जो म्यूटेड ड्रेस पसंद करने वालों के लिए जुनून की हद तक प्रशंसनीय है।

## स्किन लाइटनिंग में मदद करता है कोको बटर, ऐसे करें इस्तेमाल



हम सभी अपनी स्किन को लाइटन व ब्राइटन करना चाहती हैं और इसके लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो कोको बटर की मदद से भी स्किन को लाइटन कर सकती हैं। आप कोकोआ बटर और कोकोनट ऑयल की मदद से एक बेहद ही मॉइश्चराइजिंग स्किन लाइटनिंग क्रीम बनाई जा सकती है। सबसे पहले डबल बॉयलर की मदद से कोकोआ बटर पिघलाएं। जब यह पिघल जाए तो इसमें नारियल का तेल और मीठा बादाम का तेल डालकर मिक्स करें।

अब मिश्रण को थोड़ा ठंडा होने दें, लेकिन पूरी तरह जमने नहीं दें। अब आप हैंड मिक्सर या ब्लेंडर का उपयोग करके तब तक ब्लेंड करें जब तक आपको एक क्रीमी टेक्सचर ना मिल जाए। अब आप इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। अंत में, क्रीम को एक साफ, एयरटाइट कंटेनर में डालकर स्टोर करें।

कोकोआ बटर के साथ बादाम का तेल और दही का कॉम्बिनेशन स्किन को लाइटन करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले कोकोआ बटर को डबल बॉयलर (बिगनर्स के लिए स्किन केयर टिप्स) या माइक्रोवेव में पिघलाएं। अब इसमें बादाम का तेल और दही डालकर मिलाएं।

आप इसे तब तक हिलाएं, जब तक कि यह अच्छी तरह से मिक्स न हो जाए। अब मिश्रण को ठंडा होने और जमने दें। अपनी स्किन को क्लीन करके क्रीम लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी से धो लें।

## न्यू ईयर पार्टी में पहननी है लाल रंग की साड़ी तो देखें क्या है ट्रेंड में





बहुत से लोग तो अपने घरों में पार्टी होस्ट करते हैं, तो वहीं बहुत से लोग क्लब या ऑफिस में पार्टी करते हैं। वैसे तो पार्टी के लिए लाल रंग ही सबसे बेस्ट रहता है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाओं और लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो न्यू ईयर पार्टी के दिन क्या पहनें। पार्टी के दिन ड्रेस और गाउन तो हर कोई पहनता है लेकिन अगर आप न्यू ईयर पर साड़ी पहनने का सोच रही हैं सबसे पहले इसके ट्रेंड के बारे में जान लें। आपको आज इस बारे में बताएंगे कि आजकल किस तरह की साड़ियां चलन में हैं, जिसे पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### जॉर्जट साड़ी



हैवी बॉर्डर वाली ऐसी जॉर्जट फैब्रिक की साड़ी आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेगी। इसके साथ बैकलेस ब्लाउज ही पहनें। इसके अलावा अगर आप इसके साथ बालों को कर्ल करेंगी तो आपका लुक कमाल का लगेगा।

### इंडो वेस्टर्न साड़ी

अगर आप क्रिसमस पार्टी में साड़ी पहनकर धमाल मचाना चाहती हैं तो मलाइका अरोड़ा के जैसी इंडो वेस्टर्न साड़ी बेहद खूबसूरत है। ये आपको काफी ग्लैमरस लुक देगी। इसके साथ आपको मेकअप और हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखना पड़ेगा।


### कॉटन की साड़ी

वैसे तो कॉटन की साड़ी हमेशा गर्मियों में कैरी की जाती है, लेकिन आप इसे सर्दियों में भी कैरी कर सकती हैं। ऐसी साड़ी पहनने में काफी आरायदामक होती है। आप चाहें तो इसके साथ ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको क्लासी लुक देगा।

### मिरर वर्क साड़ी

प्रियंका चोपड़ा का ये साड़ी लुक क्रिसमस पार्टी में आपको लुक देगा। पूरी प्लेन लाल रंग की साड़ी पर अगर इस तरह से सिर्फ बॉर्डर पर मिरर वर्क होगा, तो ये देखने में कमाल का लगेगा।

## शादी सीजन में काम आएंगे ये जरूरी हैक्स, कपड़ों से लेकर ज्वेलरी सेट करने की नहीं होगी चिंता



शादी के सीजन में आपने भी अपने तैयारियां कर ली होंगी। मगर आखिरी समय में चीजें इधर-उधर हो ही जाती हैं। ऐसे में वेडिंग के कुछ हैक्स आपके बहुत काम आने वाले हैं। अगर आप एक दुल्हन हैं या दुल्हन की सहेली, तो ऐसे में ये हैक्स आपकी बहुत मदद करेंगे।

### दुपट्टे को सिर में ऐसे टिकाएं

क्या आपके सिर से दुपट्टा बार-बार गिरा जा रहा है? क्या आपका सारा ध्यान इसपर है कि दुपट्टा सिर पर नहीं टिक पा रहा है? अरे अब चिंता मत कीजिए और इस हैक को तुरंत आजमा लीजिए। अपने दुपट्टे के किनारे में टिप-टॉप क्लिप्स को अंदर की ओर फंसा लें। इसके बाद तैयार होने के बाद, जहां से भी आपको दुपट्टा पहनने है, वहां पर क्लिप्स खोलकर दुपट्टा सेट करें और बालों पर क्लिप्स को बंद कर लें। इसके बाद देखिए आपका दुपट्टा बिल्कुल नहीं सरकेगा और आपका ध्यान भी नहीं भटकेगा।

### टाइट पजामे का ऐसे करें जुगाड़

अब ऐसा होता है कि आपने जो साइज सिलने के लिए टेलर को दिया हो, उससे ऊपर-नीचे साइज सिलकर आ जाता है। कई बार आपका वजन बढ़ जाता है, तो कई बार वजन घट जाता है। वजन घट जाए, तो उसका इलाज है, लेकिन वजन बढ़ने की स्थिति में क्या करेंगी। ऐसे में हमारा यह हैक आपके काम आएगा। अगर आपकी पैंट्स बहुत ज्यादा टाइट हो गई हैं, तो फिर पैंट के हुक में दो सेफ्टी पिन्स टक कर लें। सेफ्टी पिन्स में दो छोटे और पतले रिबन फंसाकर उन्हें आपस में बांध लें। इससे आपके फंक्शन के लिए आप आराम से तैयार होकर बैठ सकती हैं।

### फिसलती सैंडल को ऐसे करें ठीक

बड़ी मुश्किल से कोई सैंडल या हील हमें पसंद आई है। उसे पहनकर हम अपनी शादी में या दोस्त की शादी में शो ऑफ करना चाहें।

## अपनी पुरानी टाइट जींस पहनना चाहते हैं दोबारा, आजमाएं ट्रिक्स

अधिकतर लड़कियों की वार्डरोब में जींस जरूर शामिल होती है। जींस में लड़कियों का लुक अच्छा लगता है। शर्ट, टॉप और कुर्ते आदि के साथ लड़कियां अपनी जींस को टीमअप कर सकती हैं। कुछ जींस ऐसी होती हैं, जो काफी पुरानी होने के बाद भी आपकी फेवरेट होती हैं। जिसे आप हमेशा अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाकर रखना चाहते हैं हालांकि आपकी फेवरेट जींस पुरानी हो जाती है, वह आपको टाइट, लूज होने लगती हैं या फिर जींस का रंग उतरने लगता है। ऐसे में आप उसे चाह कर भी पहन नहीं पाते।

क्योंकि आपकी वहीं पसंदीदा जींस अब पहनने पर अच्छी नहीं लगेगी। ऐसे में या तो आप अपनी पुरानी जींस को वार्डरोब से निकाल देते हैं या फिर आप टाइट हो गई जींस को पहनने के लिए अपने पहले वाले फिगर में वापस आने की कोशिश करते हैं। लेकिन फिगर मेंटेन रखना और स्लिम होना आसान नहीं होता। अगर आपकी वार्डरोब में ऐसी जींस हैं, जिन्हें आप दोबारा पहनना चाहते हैं तो कुछ ट्रिक्स को आजमा सकती हैं। चलिए जानते हैं पुरानी जींस को वापस कैरी करने के लिए क्या हैं टिप्स और ट्रिक्स।

### टाइट जींस को पहनने के ट्रिक्स



अगर आपकी कोई जींस थोड़ी सी टाइट हैं तो उसे स्ट्रेच करके पहनने योग्य बनाया जा सकता है। टाइट जींस को ठीक करने के लिए पानी को गर्म करके एक स्प्रे बोतल में भर लीजिए। अपनी जींस को हैंगर पर टांगकर उसकी कमर और थाई के आसपास स्प्रे से पानी को छिड़कें। फिर जींस को हैंगर पर स्ट्रेच करते हुए टांगे। जींस के जिस हिस्से को स्ट्रेच किया है उसे लगभग एक दिन के लिए ऐसे ही हैंगर में टंगे रहने दें। अगले दिन उसे पहन कर देखें। आपकी जींस ढीली हो जाएगी।

### कार्नर न्यूज

### जश्न के माहौल में अपनाइए स्टाइल

## पार्टी में दिखाना है स्टाइल तो न्यू लुक्स से लें आइडिया, महफिल की रौनक कहलाएंगे आप

इन दिनों सीजन शादियों और पार्टियों का है। लोग साल को विदा करने छुट्टियां बिताने बाहर भी जा रहे हैं वहीं कुछ ही दिनों में साल 2026 का आगाज होने वाला है। ऐसे में माहौल जश्न का हैं। लोगों ने साल के इस आखिरी हफ्ते के लिए कई तैयारियां भी कर ली हैं। विदेशों के साथ अपने देश में कई जगहों पर धूमधाम से पार्टियां चल रही है। शादियां अटेंड करने के अलावा लोग ईयर एंड की पार्टी में भी जा रहे हैं। बहुत से लोग घरों पर पार्टी करते हैं, वहीं बहुत से लोग क्लब या दूसरे शहरों में जाते हैं पार्टी के लिए। अगर आपका भी पार्टी में जाने का प्लान है और आप इस संशय में हैं कि पार्टी में क्या पहनें तो हम आपको एक्टर धीरज धूपर के कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप ऐसी पार्टियों में कैरी कर सकते हैं।

### जैकेट को दें प्राथमिकता

सर्दियों की इन पार्टियों में आप अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए जैकेट का इस्तेमाल जरूर करें। इस तरह की जैकेट काफी कूल दिखती है।



### जींस और शर्ट

कूल दिखने के लिए आप लाइट ब्लू रंग की डेनिम जींस के साथ लाइट ग्रीन रंग की शर्ट कैरी कर सकते हैं। इस रंग की शर्ट देखने में काफी क्लासी दिखती है।

### बीच पार्टी के लिए लुक

ज्यादातर लोग सर्दियों के मौसम में नए साल पर गोवा या किसी और बीच पर जाते हैं। अगर आपका भी ऐसा कुछ प्लान है तो आप इसी तरह से शॉर्ट्स और शर्ट कैरी कर सकते हैं।

### व्हाइट लुक के साथ येलो जैकेट

अगर आप कुछ अलग क्रिएट करना चाहते हैं तो ऑल व्हाइट लुक के साथ इस तरह की पीले रंग की जैकेट पहन सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाने में मदद करेगी।

### ऑल ब्लैक लुक

इस तरह का ऑल ब्लैक लुक ज्यादातर लड़कों को पसंद आता है। ऐसे में आप भी इसी तरह का ऑल ब्लैक लुक कैरी करके अपना स्टाइल दिखा सकते हैं।

### फॉर्मल पैंट के साथ पहनें लेदर जैकेट

अगर आप कुछ अलग सा पहनने का सोच रहे हैं तो ब्लैक पैंट के साथ आप ग्रे रंग की लेदर जैकेट कैरी कर सकती हैं। ये आपको कंफर्टेबल रखेगी। इस जैकेट के साथ आप ग्रे रंग की ही टीशर्ट कैरी कर सकते हैं। आप चाहें तो डांस के वक्त जैकेट उतार सकते हैं।

